कोटद्वार, मंगलवार
14 अक्टूबर 2025
वर्ष: 47
अंक: 155 पृष्ठ: 4
मूल्य: 2.00

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## संक्षिप्त समाचार

### दून मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल में पार्टी करने वाले पीजी डॉक्टर को निकाला, कई पर जुर्माना

देहरादून। दून मेडिकल कॉलेज के दून अस्पताल के सामने बने हॉस्टल में पीजी डॉक्टरों द्वारा देर रात अर्द्धनग्न होकर तेज संगीत बजा पार्टी करने एवं पुलिस से भिड़ने के मामले में प्रबंधन ने कड़ी कार्रवाई कर दी है। इसके वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने से प्रबंधन की किरकिरी हो रही थी। प्राचार्य डॉ. गीता जैन द्वारा सचिव डॉ. आर राजेश कुमार को रिपोर्ट सौंप दी है। डॉ. जैन ने बताया कि जिस पीजी डॉक्टर के कमरे में पार्टी हुई थी, उसे हॉस्टल से निष्कासित कर दस हजार जुर्माना लगाया है। इसके अलावा वार्डन को अन्य को चिन्हित कर उन पर पांच-पांच हजार जुर्माने को निर्देशित किया है। छात्रों को समझाने नहीं आने वाले गार्ड कमांडर को पद से हटा दिया गया है और गेट पर एंट्री नहीं करने, बिना अफसरों को सूचित किए पुलिस को ऊपर ले जाने पर सुरक्षा गार्डों को ड्यूटी से हटा दिया है। वहीं, जिस व्यक्ति ने न्यूरो सर्जन का कॉलर पकड़ा उसके खिलाफ केस दर्ज कराया जा रहा है। इससे पहले सोमवार को डीएमएस डॉ. एनएस बिष्ट और वार्डन डॉ. सुशील ओझा, डॉ. अभय कुमार, डॉ. डीपी तिवारी, डॉ. विजय भंडारी की कमेटी की बैठक हुई और उन्होंने ये संस्तुतियां की।

### शिक्षा विभाग में 1347 को नौकरी मिलने के साथ 1100 की जाएगी

देहरादून। शिक्षा विभाग में आज 1347 एलटी शिक्षकों को नौकरी मिलने के साथ ही 1100 माध्यमिक शिक्षकों की नौकरी खतरे में पड़ जाएगी। उत्तराखंड माध्यमिक अतिथि शिक्षक एसोसिएशन ने सेवा समाप्त होने पर कड़ी नाराजगी जताते हुए विरोध दर्ज कराया है। साथ ही प्रदेश व्यापी आंदोलन की चेतावनी दी है। एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष राजेश धामी ने कहा कि अतिथि शिक्षक पिछले 10 साल से स्कूलों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। हम लंबे समय से अतिथि शिक्षकों के लिए पक्की नीति बनाने की मांग करते आ रहे हैं, जिसे अनसुना कर दिया गया। आज स्थिति यह आ गई है कि राज्य में तैनात 1100 अतिथि शिक्षकों की नौकरी पर बन आई है। एक तरफ सरकार 1347 एलटी शिक्षकों को नियुक्ति पत्र दे रही है तो 1100 अतिथि शिक्षक बेरोजगार हो रहे हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण है। क्योंकि अतिथि शिक्षकों के साथ शुरूआत से ही सौतेला व्यवहार होता रहा है। प्रदेश महामंत्री राजपाल रावत ने कहा कि हमारे पास आंदोलन ही अंतिम विकल्प है। एसोसिएशन ने कहा कि वह नियमितिकरण की मांग करते आ रहे हैं और अब नियमितिकरण को लेकर ही आंदोलन शुरू करने जा रहे हैं।

### उपनल कर्मचारियों को दिवाली से तोहफे का इंतजार नहीं तो आंदोलन की तैयारी

देहरादून। उपनल कर्मचारियों को दिवाली से पहले नियमितीकरण के तोहफे का इंतजार है। ऐसा नहीं होता है तो वह आंदोलन की तैयारी में है। फिलहाल कल 15 अक्तूबर को उपनल कर्मचारी देहरादून में कैंडल मार्च निकालने जा रहे हैं। इसके बाद 10 नवंबर से बेमियादी हड़ताल का वह पहले ही ऐलान कर चुके हैं। सरकार की ओर से उपनल कर्मचारियों को नियमित करने को लेकर सात महीने पहले समिति का गठन किया गया था। अभी तक समिति अपनी रिपोर्ट नहीं दे पाई है।

इधर, हर कैबिनेट बैठक से पहले उपनल कर्मचारी उम्मीद से बंध जाते हैं। सोमवार को कैबिनेट बैठक के फैसलों को ऐलान होने के बाद नियमितिकरण का इंतजार कर रहे कर्मचारी फिर से मायूस हो गए। उपनल कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष विनोद गोदियाल ने नियमितिकरण को लेकर हाईकोर्ट के आदेश को 15 अक्तूबर को एक साल हो रहा है। हम देहरादून में गांधी पार्क से कैंडल मार्च निकालने जा रहे हैं। दिवाली तक सरकार से उम्मीदे हैं। महासंघ नौ नवंबर को राज्य स्थापना दिवस तक इंतजार करेगा। अगर सरकार फैसला नहीं लेती है तो सभी उपनल कर्मचारी बेमियादी हड़ताल पर चले जाएंगे। उन्होंने कहा कि जब तक नियमितिकरण की प्रक्रिया शुरू नहीं हो जाती, तब तक कर्मचारियों के पदों को फ्रिज किया जाना चाहिए।

## इजरायली बंधकों की रिहाई का स्वागत, ट्रंप के शांति प्रयासों का समर्थन: मोदी



नई दिल्ली। इजरायल और हमास के बीच सीजफायर की घोषणा के बाद सोमवार को हमास ने सभी 20 बंधकों को रिहा कर दिया। इसके एलान करते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को धन्यवाद कहा और इसे मिडिल ईस्ट के लिए एक नया सवेरा बताया। इजरायल और हमास के बीच शांति समझौता और फिर बंधकों की रिहाई को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र इसका स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि करीब दो साल बाद बंधकों को रिहा करने का कदम स्वागत योग्य है। पीएम मोदी ने ट्रंप का इस मामले पर समर्थन भी जताया है।

**ट्रंप ने क्या कहा?**

बता दें, इजरायल की संसद पहुंचे डोनल्ड ट्रंप ने गाजा में दो साल से चल रहे विनाशकारी युद्ध को खत्म करने के लिए सीजफायर समझौता कराने में नेतन्याहू के शानदार काम की सराहना की और इसे नए मिडिल ईस्ट की एतिहासिक सुबह बताया।

सीजफायर समझौते की मध्यस्थता करने वाले ट्रंप ने कहा कि बचे हुए 20 इजरायली बंधकों की रिहाई लंबे वक्त से संघर्ष से ग्रस्त इस क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण मोड़ है। उन्होंने यरूशलम में उत्साहित नेसेट के सदस्यों से कहा, "बंधक वापस आ गए हैं।

## करूर भगदड़ कांड : सुप्रीम कोर्ट ने पलटा हाईकोर्ट का फैसला

चेन्नई ,तमिलनाडु के करूर में तमिल अभिनेता और राजनेता विजय की राजनीतिक रैली के दौरान मची भगदड़ में 41 लोगों की मौत के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को एक बड़ा फैसला सुनाया है। शीर्ष अदालत ने मामले की गंभीरता को देखते हुए इसकी जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो को सौंप दी है। कोर्ट ने इस मामले में 10 अक्टूबर को ही अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। जस्टिस जे.के. माहेश्वरी और जस्टिस एन.वी. अंजारिया की पीठ ने सीबीआई जांच की निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश अजय रस्तोगी की अध्यक्षता में एक निगरानी समिति का भी गठन किया है। यह समिति पूरी जांच प्रक्रिया पर अपनी नजर रखेगी। यह मामला तब सुप्रीम कोर्ट पहुंचा, जब मद्रास हाईकोर्ट ने इस घटना की सीबीआई जांच की मांग को खारिज कर दिया था। हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ बीजेपी नेता उमा आनंदन ने शीर्ष अदालत में याचिका दायर की थी। अपनी याचिका में उन्होंने राज्य पुलिस की जांच पर अविश्वास जताते हुए एक स्वतंत्र एजेंसी से जांच कराने की मांग की थी। आपको बता दें कि यह दुखद घटना 27 सितंबर को तमिलनाडु के करूर में हुई थी, जहां अभिनेता से राजनेता बने विजय की एक विशाल रैली का आयोजन किया गया था।

## उत्तराखंड कैबिनेट ने आठ महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर लगाई मुहर

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में उत्तराखंड मंत्रिमंडल की सोमवार को हुई बैठक में आठ महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर मुहर लगाई गई, जिनमें महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार और कर्मचारियों के हितों से जुड़े बड़े निर्णय शामिल हैं। सचिव गोपन शैलेश बगौली ने सचिवालय स्थित मीडिया सेंटर में फैसलों की जानकारी दी।

1– उत्तराखंड महिला एवं बाल विकास अधीनस्थ सुपरवाइजर सेवा नियमावली 2021 के संशोधन को कैबिनेट ने दी मंजूरी। सुपरवाइजर सेवा नियमावली के अंतर्गत सुपरवाइजर के पदों पर 50% सीधी भर्ती से एवं 40% आगनवाड़ी कार्यकर्त्री एवं शेष 10% मिनी आंगनवाड़ी कार्यकर्ती के पदोन्नति से भरे जाते थे। भारत सरकार के दिशा निर्देशों में राज्य के समस्त मिनी आंगनबाड़ी केंद्रों को पूर्ण आंगनबाड़ी केंद्रों में उच्चीकृत किया जाना है, ऐसे में मिनी आंगनवाड़ी कार्यकर्ती से सुपरवाइजर पद पर होने वाले पदोन्नति के 10% कोटा को भी आंगनवाड़ी कार्यकर्त्री के पदोन्नति कोटे में शामिल करते हुए आंगनवाड़ी कार्यकर्त्री के पदोन्नति कोटे को 40% से



बढ़ाकर 50% किया गया है। की

2– रायपुर एवं उसके समीप क्षेत्रों के अंतर्गत जहां विधानसभा परिसर प्रस्तावित है, उस क्षेत्र को फ्रिज जोन बनाया गया था। अब कैबिनेट ने फ्रिज जोन में आंशिक संशोधन करते हुए इन क्षेत्रों में छोटे घरों ( लो डेंसिटी हाउसों ) और छोटी दुकानों के निर्माण की अनुमति दे दी है। जिसके मानक आवास विकास विभाग के द्वारा निर्धारित किए जाएंगे।

3 चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के अंतर्गत कार्यरत स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं स्वास्थ्य पर्यवेक्षक की सेवा नियमावली में संशोधन की कैबिनेट ने दी मंजूरी। अब स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं स्वास्थ्य पर्यवेक्षक के 5 साल की संतोषजनक सेवा के बाद एक स्थान से दूसरे स्थान तक अपने जीवनकाल में एक बार पारस्परिक स्थानांतरण को अनुमति दी जाएगी। नए स्थान में जाने पर अपने नए जनपद के कैडर के अंतर्गत यह सबसे जूनियर होंगे। इसके अलावा रिक्त पद उपलब्ध होने पर पहाड़ से पहाड़ में एवं मैदानी जनपदों से पर्वतीय जनपदों में स्थानांतरण किया जा सकेगा, जिसके लिए मानक विभाग द्वारा तैयार किए जाएंगे।

4. समान नागरिक संहिता के अंतर्गत होने वाले ऑनलाइन विवाह पंजीकरण में संशोधन को कैबिनेट ने दी मंजूरी।

यूसीसी में पंजीकरण हेतु आधार कार्ड की व्यवस्था रखी गई है। क्योंकि उत्तराखंड प्रदेश में नेपाली भूटानी एवं तिब्बती मूल के लोगों से भी शादी होती है। ऐसे में आधार के अलावा अब नेपाल, भूटान के नागरिकों हेतु नेपाली एवं भूटानी नागरिकता प्रमाण पत्र, एवं 182 दिनों से अधिक के प्रवास के लिए भारत में नेपाली मिशन/रॉयल भूटानी मिशन द्वारा जारी प्रमाणपत्र एवं तिब्बती मूल के व्यक्तियों के लिए विदेशी पंजीकरण अधिकारी द्वारा जारी वैध पंजीकरण प्रमाण पत्र को अनुमन्य किया जाएगा।

5 राज्य कर्मचारियों की पदोन्नति के संबंध में अर्हकारी सेवा में शिथिलीकरण की नियमावली में संशोधन का निर्णय।

6. मुख्यमंत्री द्वारा पूर्व में विचलन के माध्यम से विधानसभा का सत्रावसान किए जाने के संबंध में लिए गए निर्णय को कैबिनेट के संज्ञानार्थ लाया गया।

7 राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष पर उत्तराखंड राज्य की पंचम विधानसभा का विशेष सत्र की तिथि के निर्धारण हेतु कैबिनेट ने मुख्यमंत्री को किया अधिकृत।

8 राज्य सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को कर के बाद के लाभांश ( प्रॉफिट आफ्टर टैक्स) की 15% धनराशि को राज्य सरकार को देना होगा। इसके लिए कैबिनेट में अपनी मंजूरी प्रदान की।

## दिल्ली में अवैध प्रवासियों पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

### हिरासत में छह अफ्रीकी नागरिक

नई दिल्ली , दिल्ली के निहाल विहार इलाके में पुलिस ने अवैध रूप से रह रहे छह अफ्रीकी नागरिकों को हिरासत में लिया है। यह कार्रवाई बाहरी जिला पुलिस के विशेष अभियान का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य अवैध प्रवास पर रोक लगाना और राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करना है। 10 अक्टूबर को निहाल विहार पुलिस थाने की गश्ती टीम को चंदर विहार में अवैध प्रवासियों की मौजूदगी की सूचना मिली। हेड कांस्टेबल गजानंद, दलवीर, जगपाल, सरदार मल और कांस्टेबल महेंद्र की टीम ने तुरंत कार्रवाई की। मौके पर पहुंचने पर छह विदेशी नागरिकों ने भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया। पूछताछ में इनकी पहचान फ्रैंक फॉचिंग (कैमरून), रोमियो लुसिएन (कैमरून), सैमुनेल (नाइजीरिया), माल्क फैराडे




(नाइजीरिया), इवांस डांसो (घाना), और इनौसा (नाइजीरिया) के रूप में हुई। सत्यापन के दौरान पता चला कि इनके पास वैध वीजा या पासपोर्ट नहीं थे और ये सभी वीजा अवधि समाप्त होने के बाद भी दिल्ली में अवैध रूप से रह रहे थे।

पुलिस ने विदेशी नागरिक अधिनियम, 1946 की धारा 14(सी) के तहत मकान मालिक के खिलाफ अवैध शरण देने का मामला दर्ज किया। इसके बाद विदेशी नागरिक क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय के सहयोग से निर्वासन प्रक्रिया शुरू की गई। वर्तमान में सभी छह व्यक्तियों को लामपुर, नरेला के हिरासत केंद्र में रखा गया है, जहां से उनकी निर्वासन प्रक्रिया पूरी होगी।

बाहरी जिला पुलिस उपायुक्त सचिन शर्मा (आईपीएस) ने बताया कि दिल्ली में अवैध प्रवास के खिलाफ सख्त नीति अपनाई जा रही है। पुलिस नियमित गश्त, सत्यापन और खुफिया जानकारी के आधार पर ऐसे मामलों पर नजर रख रही है। यह अभियान स्थानीय लोगों की सुरक्षा और आव्रजन नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए चलाया जा रहा है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत दें। अवैध प्रवासियों की पहचान और कार्रवाई के लिए पुलिस का अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## स्वदेशी दीवाली मेले में स्थानीय उत्पादों की खूब हो रही बिक्री

हल्द्वानी। नगर निगम में चार दिवसीय स्वदेशी दीवाली मेला शुरू हो गया है। सोमवार को मेले का उद्घाटन मेयर गजराज बिष्ट ने किया। मेले में स्वयं सहायता समूहों की ओर से तैयार स्थानीय उत्पाद बिक्री के लिए रखे गए हैं, ताकि महिलाओं की आर्थिकी मजबूत हो सके। दीवाली का त्योहार नजदीक आने के साथ ही बाजार सज गए हैं। नगर निगम परिसर में स्थानीय उत्पादों की बिक्री के लिए स्वदेशी दीवाली मेला लगाया गया है।

सोमवार को मेले का उद्घाटन करते हुए मेयर ने कहा कि स्वदेशी के साथ ही स्थानीय उत्पादों को मजबूत करना जरूरी है। इसके लिए निगम ने महिलाओं के स्वयं सहायता समूह बनाए हैं। मेले में स्थानीय उत्पादों की जमकर बिक्री हो रही है। मेले में लगे स्टॉल में घरेलू सजावट का सामान महिलाओं ने अपने हाथों से बनाए हैं। मेला चार दिनों तक लगाया जाएगा। परियोजना प्रबंधक ईश्वर रावत सहित निगम के पार्षद व कार्मिक मौजूद रहे।

## आजम खान को मिली वाई श्रेणी की सुरक्षा, जमानत के बाद पुलिस प्रशासन का बड़ा फैसला

रामपुर ,। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और उत्तर प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खान को वाई श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की गई है। लंबे समय तक कानूनी उलझनों और जेल में रहने के बाद जमानत पर रिहा हुए आजम खान की सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन ने यह महत्वपूर्ण कदम उठाया है।

उनके घर पर लगातार मिलने वालों की भीड़ को देखते हुए यह फैसला किया गया है। आजम खान को पहले भी वाई श्रेणी की सुरक्षा प्राप्त थी, लेकिन कोर्ट द्वारा दोषी करार दिए जाने के बाद उनकी विधानसभा सदस्यता रद्द होने के साथ ही सुरक्षा भी वापस ले ली गई थी। इसके बाद उनकी सुरक्षा को कुछ समय के लिए बहाल किया गया था, लेकिन सीतापुर जेल में बंद होने के दौरान उनकी सुरक्षा फिर से हटा दी गई थी।

अब 23 महीने जेल में बिताने के बाद आजम खान जमानत पर रिहा हुए हैं। पुलिस प्रशासन ने उनकी सुरक्षा को फिर से बहाल करने का फैसला किया है। पुलिस प्रशासन के अनुसार आजम खान को वाई श्रेणी की सुरक्षा के तहत गार्ड



और गनर तैनात किए गए हैं। जेल से रिहा होने के दिन पुलिस प्रशासन ने उनकी सुरक्षा के लिए जवानों को भेजा था, लेकिन उस समय आजम खान ने सुरक्षा लेने से इनकार कर दिया था। उन्होंने पुलिस लाइन से आए गार्ड और गनर को वापस भेज दिया था। हालांकि, अब प्रशासन ने फिर से उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए वाई श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की है।

आजम खान के जेल से रिहा होने के बाद उनके रामपुर स्थित आवास पर समर्थकों और शुभचिंतकों का तांता लगा हुआ है। लगातार बढ़ रही भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने का निर्णय लिया। यह कदम न केवल उनकी व्यक्तिगत सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है, बल्कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए भी जरूरी माना जा रहा है।

सपा नेता आजम खान लंबे समय से उत्तर प्रदेश की सियासत में एक प्रभाव-शाली चेहरा रहे हैं। उनकी रिहाई और सुरक्षा बहाली को लेकर सियासी गलियारों में भी चर्चाओं का बाजार गर्म है।

## तेजस्वी को अमेठी जैसा हराने का ऐलान, 24 घंटे में ही प्रशांत किशोर पर एफआईआर

### सैकड़ों गाड़ियों के काफिले पर एक्शन

वैशाली , बिहार विधानसभा चुनाव का बिगुल फूंकते ही जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर (पीके) कानूनी मुश्किल में फंस गए हैं। तेजस्वी यादव के गढ़ राघोपुर से अपने चुनावी अभियान की शुरुआत करने के 24 घंटे के भीतर ही उनके खिलाफ आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का मामला दर्ज किया गया है। आरोप है कि प्रशांत किशोर शनिवार को सैकड़ों गाड़ियों के काफिले के साथ राघोपुर पहुंचे थे, जिसके चलते वैशाली जिले के राघोपुर थाने में उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। जानकारी के अनुसार, राघोपुर के अंचलाधिकारी के आवेदन पर यह मामला दर्ज किया गया है।



शनिवार को प्रशांत किशोर ने तेजस्वी यादव के पारंपरिक विधानसभा क्षेत्र राघोपुर से अपने चुनावी अभियान का आगाज किया था। इस दौरान उनके स्वागत में कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ उमड़ी थी और सैकड़ों गाड़ियों का लंबा काफिला भी उनके साथ था। इसी को आधार बनाकर प्रशासन ने इसे आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन मानते हुए कार्रवाई की है। इससे पहले, राघोपुर पहुंचे प्रशांत किशोर ने राजद नेता तेजस्वी यादव पर तीखा हमला बोला था। उन्होंने दावा किया था कि वह तेजस्वी को उनके ही क्षेत्र में अमेठी जैसी हार देंगे। समर्थकों के जोरदार स्वागत के बीच पीके ने कहा, आपका विधायक दो बार उपमुख्यमंत्री रह चुका है। क्या कभी उसने आपकी समस्याएं सुनीं? उन्होंने यह भी तंज कसा था कि सुनने में आ रहा है कि तेजस्वी यादव इस बार डर के कारण दो सीटों से चुनाव लड़ सकते हैं, लेकिन राघोपुर में उनका हश्र 2019 में राहुल गांधी जैसा होगा। हालांकि, जब प्रशांत किशोर से यह पूछा गया कि क्या वह खुद राघोपुर से तेजस्वी यादव के खिलाफ चुनाव लड़ेंगे, तो उन्होंने गोलमोल जवाब दिया। उन्होंने कहा, जनसुराज पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक रविवार को होगी। राघोपुर से मिले फीडबैक के आधार पर सबसे उपयुक्त उम्मीदवार तय किया जाएगा। यह कहना अभी संभव नहीं कि वह मैं होऊंगा या कोई और। अब चुनावी आगाज के साथ ही केस दर्ज होने से बिहार की सियासत और गरमा गई है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटका श्रमिक

रुद्रपुर। संदिग्ध परिस्थितियों में एक श्रमिक का शव फंदे से लटका हुआ मिला। श्रमिक अकेले किराये पर रहता था। सूचना पर पहुंची ट्रांजिट कैंप पुलिस ने शव को मोर्चरी भेज दिया है। मूल रूप से यूपी का रहने वाला था। जानकारी के मुताबिक, मिश्रीपुर थाना अहलदा जिला औरेया निवासी 27 वर्षीय कौशल पुत्र ज्ञान सिंह पिछले डेढ़ माह से रॉयल ग्रीन कॉलोनी फुलसुंगा में किराए पर रह रहा था। वहीं सिडकुल की एक कंपनी में काम करता था। पड़ोसी किरायेदार अनुराग सिंह ने पुलिस को बताया कि रोजाना की तरह जब कौशल को आवाज दी तो उसने कोई जवाब नहीं दिया। अंदर देखा तो कौशल का शव फंदे से लटका हुआ मिला। कौशल यहां पर अकेले रहता था। थाना प्रभारी मोहन पांडे ने बताया कि युवक के कमरे से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। कौशल का मोबाइल कब्जे में ले लिया है। प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का लग रहा है।

## मेरठ में पुलिस और बदमाश में मुठभेड़, एक बदमाश ढेर

मेरठ ,उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले में महिलाओं और बच्चियों के खिलाफ अपराध रोकने के लिए पुलिस की तरफ से लगातार मिशन शक्ति 5.0 चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार देर रात पुलिस और 25 हजार रुपए के इनामी शातिर अपराधी शहजाद उर्फ निक्की के बीच मुठभेड़ हो गई, जिसमें पुलिस ने अपराधी शहजाद को ढेर कर दिया। आरोपी शहजाद पर मासूम बच्चियों के साथ बलात्कार, हत्या सहित कई मामले दर्ज थे और यह लंबे समय से फरार चल रहा था। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि आरोपी शहजाद थाना सरूरपुर के इलाके में छिपकर बैठा हुआ है। सूचना मिलते ही विशेष पुलिस टीम ने पूरे इलाके में घेराबंदी की तो आरोपी भागने की कोशिश करते हुए पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। इसके बाद जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोली चलाई, जिसमें शहजाद को सीने और पैर में गोली लगी। घायल हालत में उसे मेरठ के एक अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मुठभेड़ में कोई पुलिसकर्मी घायल नहीं हुआ। मेरठ एसएसपी विपिन ताड़ा ने आईएएनएस को बताया कि शहजाद ने पहले पुलिस पर फायरिंग की थी, जिसके जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी फायरिंग की, जिसमें वह घायल हो गया और इलाज के दौरान मौत हो गई। इसके खिलाफ मेरठ, मुजफ्फरनगर और बागपत जिलों में मासूम बच्चियों के साथ बलात्कार, छेड़छाड़, अपहरण और हत्या के प्रयास जैसे 7 से अधिक मुकदमे दर्ज थे। उन्होंने बताया कि इसमें विशेष रूप से दो मासूम बच्चियों के साथ दुष्कर्म के मामलों में वह मुख्य आरोपी था, जिसके कारण पुलिस ने उसके सिर पर 25 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था।

## सलाखों के पीछे पहुंचने पर फूट—फूटकर रोई महामंडलेश्वर पूजा

### पुलिस अब गैंगस्टर एक्ट लगाने की तैयारी में

अलीगढ़ ,यूपी के अलीगढ़ में चर्चित टीवीएस शोरूम मालिक अभिषेक गुप्ता हत्याकांड की मुख्य आरोपी और 50 हजार की इनामी महामंडलेश्वर पूजा शकुन पांडेय उर्फ अन्नपूर्णा भारती को आखिरकार सलाखों के पीछे भेज दिया गया है। शुक्रवार रात राजस्थान के भरतपुर से गिरफ्तारी के बाद जब उसे जेल में दाखिल किया गया, तो वह फूट-फूटकर रो पड़ी। अधिकारियों ने उसे जेल के नियम-कायदे समझाए, जिसके बाद उसे महिला बैरक में भेज दिया गया। जानकारी के मुताबिक, 26 सितंबर को खेरेश्वर चौराहे पर हुई अभिषेक गुप्ता की हत्या के बाद से ही पूजा शकुन पांडेय फरार चल रही थी। शुक्रवार को गिरफ्तारी



के बाद उसे जेल भेजा गया, जहां वह काफी परेशान और बेचैन नजर आई। हालांकि, अन्य महिला कैदियों ने उसे संभाला और उसने समय पर खाना खाया, लेकिन उसकी पहली रात करवटें बदलते हुए ही गुजरी। जेल प्रशासन ने पूजा और उसके पहले से बंद पति अशोक कुमार पांडेय, दोनों को संवेदनशील श्रेणी के कैदियों में रखा है। पुलिस अब इस मामले में कानूनी शिकंजा कसने की तैयारी कर रही है। एएसपी मयंक पाठक ने बताया कि मामले में जल्द ही चार्जशीट दाखिल की जाएगी और सभी आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत भी कार्रवाई होगी। इसके अलावा, पुलिस उन लोगों की भी पहचान कर रही है जिन्होंने फरारी के दौरान पूजा को शरण दी या भागने में उसकी मदद की। ऐसे सभी लोग अब पुलिस के रडार पर हैं। इस बीच, मृतक अभिषेक के भाई आशीष ने पुलिस की कार्रवाई पर असंतोष व्यक्त किया है। उन्होंने रविवार को रोरावर थाने में इंस्पेक्टर से मुलाकात कर मांग की कि पुलिस को आरोपियों के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत कार्रवाई करनी चाहिए और उनकी संपत्ति की कुर्की भी होनी चाहिए।

## मंत्री के बेटे को हीरोपंती पड़ी महंगी

रांची ,झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी के बेटे कृष अंसारी एक बार फिर विवादों में हैं। इस बार उनका एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वह गाड़ियों के काफिले के बीच चलती कार के सनरूफ से बाहर निकलकर हाथ हिलाते नजर आ रहे हैं। मामले का संज्ञान लेते हुए जिला प्रशासन ने उन पर ?3650 का जुर्माना लगाया है। सोशल मीडिया पर वायरल हुए इस वीडियो में कृष अंसारी सनरूफ से बाहर खड़े होकर स्टंट करते दिख रहे हैं। इस वीडियो को एक गंभीर सुरक्षा उल्लंघन मानते हुए उपायुक्त (डीसी) मंजूनाथ भजंत्री ने स्वतः संज्ञान लिया। उन्होंने ट्वीट कर जिला परिवहन पदाधिकारी (ष्ठञ्जह्र) को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए और रांची पुलिस को टैग कर रिपोर्ट भी मांगी।

## त्रिपुरा में एनसीबी की बड़ी कार्रवाई, एक मकान से 16 करोड़ रुपए की ड्रग्स जब्त

अगरतला , सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने सोमवार को एक संयुक्त अभियान में त्रिपुरा में 16 करोड़ रुपए की कीमत ड्रग्स जब्त की। ड्रग तस्कर के आरोप में एक महिला को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। बीएसएफ के प्रवक्ता ने बताया कि रविवार और सोमवार की दरम्यानी रात को, बीएसएफ और एनसीबी ने संयुक्त रूप से सिपाहीजला जिले के सीमावर्ती इलाके बॉक्सनगर से लगभग 16 किलो (लगभग 1.60 लाख टैबलेट) से अधिक नशीली मेथामफेटामाइन टैबलेट जब्त कीं, जिसकी कीमत लगभग 16 करोड़ रुपए आंकी गई है। उन्होंने बताया कि मध्य



बॉक्सनगर निवासी लिपिआरा खातून (33 वर्ष) के घर पर भारी मात्रा में मेथामफेटामाइन टैबलेट, जिन्हें याबा टैबलेट भी कहा जाता है, की मौजूदगी की सूचना मिली थी। इसके बाद बीएसएफ जवानों और एनसीबी अगरतला ने एक अभियान चलाते हुए ड्रग्स बरामद की। भूरे रंग के टेप से 16 पैकेटों में लिपटे ये ड्रग्स रसोई के अंदर दबे हुए पाए गए।

इस मामले में मकान मालिक को भी गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि आरोपी महिला को एनसीबी को सौंपा गया है। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि यह सफल संयुक्त अभियान एक बार फिर सहयोगी एजेंसियों के साथ मिलकर त्रिपुरा राज्य में सीमा पार तस्करी और मादक पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए बीएसएफ की दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाता है। त्रिपुरा में इसी तरह की एक और घटना के एक हफ्ते के भीतर सोमवार को मादक पदार्थों की एक और जब्ती हुई।

## सम्पादकीय

# आपदा प्रशिक्षण हो अनिवार्य

उत्तराखंड में आपदाओं की श्रृंखला के बाद अब इस बात की आवश्यकता महसूस की जाने लगी है कि छात्र जीवन से ही आपदा के प्रति विद्यार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाए। इसी सोच के चलते एसडीआरएफ में शुरू हुई "युवा आपदा मित्र योजना" शुरू की गई है। युवा आपदा मित्र योजना के तहत स्वयंसेवकों का प्रशिक्षण देना एक अच्छा कदम माना जा सकता है। ग्रामीण क्षेत्र से लेकर शहरी क्षेत्रों तक या प्रशिक्षण काफी मददगार साबित हो सकता है। निश्चित तौर पर युवा आपदा मित्र राज्य की आपदा तैयारियों को नई दिशा देंगे और स्थानीय स्तर पर त्वरित राहत एवं सहायता कार्यों में अहम भूमिका निभा सकते हैं। उत्तराखण्ड का भौगोलिक स्वरूप इसे आपदा की दृष्टि से बेहद संवेदनशील बनाता है और यहां भूकंप, भूस्खलन, बादल फटना और वनाग्नि जैसी घटनाएं अक्सर चुनौतीपूर्ण स्थिति उत्पन्न करती हैं। ऐसे में हर गांव और मोहल्ले में प्रशिक्षित युवा आपदा मित्र मौजूद होने से आपदाओं के प्रभाव को काफी हद तक कम किया जा सकता है। छात्र जीवन से ही युवाओं को इस योजना से युवाओं में सेवा भावना, उत्तरदायित्व और नेतृत्व के गुण भी विकसित होगा। इस बार भी उत्तराखंड में आपदा का भयानक मंजर दिखा और कई लोग प्राकृतिक आपदा के शिकार बन गए। ऐसी परिस्थितियों से निपटने के लिए युवाओं को प्रशिक्षित करना बेहद जरूरी है। आपातकालीन स्थिति में प्राथमिक सहायता से काफी हद तक लोगों की जान बचाई जा सकती है और यह तभी संभव है जब अच्छा प्रशिक्षण युवाओं को दिया जाएगा। यूं भी उत्तराखंड की भौगोलिक परिस्थितियां आपात घटनाओं को निमंत्रण देता है और प्रत्येक घर में एक प्रशिक्षित युवा का होना इस प्रदेश की एक जरूरत बन चुकी है। राज्य सरकार को छात्रों के साथ–साथ सरकारी कर्मचारियों को भी आपदा से बचने की प्रारंभिक बचाव शैली का प्रशिक्षण देना चाहिए।

# छत्तीसगढ़ में स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान से 3.98 लाख लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की महत्वाकांक्षी पहल स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान छत्तीसगढ़ में लगातार सफलता की नई ऊँचाइयों को छू रही है। बीते तीन दिनों में प्रदेशभर में आयोजित स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से कुल 3,98,542 लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया, जिनमें 2,80,204 महिलाएँ शामिल हैं।

अभियान के तहत आयोजित 10,000 से अधिक शिविरों में उच्च रक्तचाप, मधुमेह, कैंसर और सिकल सेल जैसी गंभीर बीमारियों की जांच के साथ गर्भवती महिलाओं की एएनसी जांच और बच्चों का टीकाकरण प्राथमिकता में रखा गया। विशेष रूप से 1,10,065 लोगों का अनीमिया परीक्षण किया गया, जो महिलाओं में इस रोग की अधिकता को देखते हुए समय पर पहचान और उपचार सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। स्वास्थ्य जांच के साथ–साथ महिलाओं के स्वास्थ्य और पोषण संबंधी जागरूकता पर भी विशेष ध्यान दिया गया। शिविरों में महिला स्वास्थ्यकर्मियों और विशेषज्ञों द्वारा महिलाओं को संतुलित आहार, आयरन और फोलिक एसिड की खुराक, स्वच्छता और जीवनशैली सुधार के संबंध में परामर्श प्रदान किया गया। इससे यह सुनिश्चित हुआ कि महिलाएँ केवल जांच तक सीमित न रहकर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित हों। अभियान के दौरान 33,773 गर्भवती महिलाओं की एएनसी जांच, 72,610 लोगों की सिकल सेल स्क्रीनिंग, 71,985 लोगों की टीबी जांच और 13,884 बच्चों का टीकाकरण किया गया।

# हिंदू को बांटो, लड़ाओ, खरीदो और बनाओ गंवार!

**हरिशंकर व्यास**

**जाति जनगणना के पीछे एकमेव मंत्र 2029 के लोकसभा चुनाव से पहले हिंदुओं को इतना और बांटना है कि मोदी नए वर्ण विभाजन के फार्मूलों में योजना, स्कीम बना कर लोगों के खाते में पैसे डालने के नए फैसले ले सकें, जिससे वोट पके। मतलब ताजा बिहार मॉडल की तरह 2029 में अखिल भारतीय स्तर पर बांटो, लडाओ (जातीय पहचान–हक–आरक्षण की भूख में) के साथ स्कीमों व आरक्षण के जरिए वोट पटाने का महाअभियान! मतलब राहुल गांधी, कांग्रेस, तेजस्वी याकि जातीय–क्षेत्रिय राजनीति के धुरंधरों की पिछड़ा–दलित–आदिवासी राजनीति को जनगणना और उसके बाई प्रोडक्ट की योजनाओं–घोषणाओं–झांसों के महाप्रोपेगेंडा से खारिज करा देना। भयावह सिनेरियो है। मगर अंग्रेजों ने जैसे 1905 में बंग–भंग से बीज बो कर 1947 में हिंदू–मुस्लिम विभाजन तय कराया वैसे नरेंद्र मोदी दिल्ली के वे आखिरी हिंदू शासक संभावी हैं, जिनकी जातीय जनगणना और जातीय आरक्षण की आग में हिंदू राष्ट्रवाद वैसे ही मिट्टी में मिलेगा देने जैसे पृथ्वीराज चौहान के आखिरी शासन की आखिरी हिंदू सत्ता थी!**

सोचें, भारत में सामाजिक (हिंदू) समरसता का कौन सा मॉडल प्रदेश है? मेरा मानना है मध्य प्रदेश! और वहां अभी क्या हल्ला हुआ? भाजपा ने ओबीसी आरक्षण को 14 प्रतिशत से बढ़ा कर 27 प्रतिशत करने के कमलनाथ सरकार के पुराने फैसले पर सुप्रीम कोर्ट से उम्मीद की है कि "कांग्रेस कई वर्षों तक सत्ता में रही लेकिन उसने किसी वर्ग के साथ न्याय नहीं किया। अब मामला सुप्रीम कोर्ट में है और हमें न्यायपालिका पर भरोसा है। हमें उम्मीद है कि अदालत मध्यप्रदेश में ओबीसी के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण को मंजूरी देगी"। अर्थात भाजपा/संघ परिवार/ मोहन यादव सरकार राज्य की ओबीसी (51 प्रतिशत), अनुसूचित जाति (एससी) 15.6 प्रतिशत और अनुसूचित जनजाति (एसटी) 21.1 प्रतिशत के तीनों वर्गों की राज्य में कथित 87 प्रतिशत आबादी के अनुपात में आगे आरक्षण का झुनझुना/रोडमैप सोचे हुए है। और यह सब मोदी सरकार की 11 वर्षों की राजनीति का नतीजा है। जैसे भी हो सत्ता बनाए रखने की जिद्द की इस राजनीति ने कांग्रेस और राहुल गांधी को यदि "जितनी आबादी, उतना हक़" के एजेंडे की ओर धकेला है तो सुप्रीम कोर्ट तथा जनगणना से भाजपा हिंदू समाज को आगे और बिखेरने वाली है।

कैसे? मोदी सरकार 2027 में जनगणना कराएगी। अंग्रेजों की कराई 1931 की जाति जनगणना के लगभग सौ साल बाद स्वतंत्र भारत की पहली बार फिर जाति जनगणना होगी। यह जनगणना जाति के साथ उपजाति, पिछड़े, अतिपिछड़े जैसे अलग–अलग समूहों के खांचों में होगी। जैसे कर्नाटक में सिद्धारमैया सरकार लिंगायतों को बांटने, हिंदू धर्म से उन्हें अलग करने, लिंगायत के भीतर लिंगायत बनाम वीरशैव का झगड़ा बनाने की कोशिश में है वैसे ही अगली जनगणना में पिछड़ों में अति पिछड़ों का वर्गीकरण भी बनेगा। मतलब अति पिछड़ों के वर्गीकरण में यदि हिंदू जाट की उपजातियों जैसे बैंस, भुल्लर, अटवाल आदि की आर्थिक हैसियत के आगे पिछड़े, अति पिछड़े जाट के समूह बने तो आश्चर्य नहीं होगा! क्योंकि जाति जनगणना के पीछे एकमेव मंत्र 2029 के लोकसभा चुनाव से पहले हिंदुओं को इतना और बांटना है कि मोदी नए वर्ण विभाजन के फार्मूलों में योजना, स्कीम बना कर लोगों के खाते में पैसे डालने के नए फैसले ले सकें, जिससे वोट पके। मतलब ताजा बिहार मॉडल की तरह 2029 में अखिल भारतीय स्तर पर बांटो, लडाओ (जातीय पहचान–हक–आरक्षण की भूख में) के साथ स्कीमों व आरक्षण के जरिए वोट पटाने का महाअभियान!

मतलब राहुल गांधी, कांग्रेस, तेजस्वी याकि जातीय–क्षेत्रिय राजनीति के धुरंधरों की पिछड़ा–दलित–आदिवासी राजनीति को जनगणना और उसके बाई प्रोडक्ट की योजनाओं–घोषणाओं–झांसों के महाप्रोपेगेंडा से खारिज करा देना।

भयावह सिनेरियो है। मगर अंग्रेजों ने जैसे 1905 में बंग–भंग से बीज बो कर 1947 में हिंदू–मुस्लिम विभाजन तय कराया वैसे नरेंद्र मोदी दिल्ली के वे आखिरी हिंदू शासक संभावी हैं, जिनकी जातीय जनगणना और जातीय आरक्षण की आग में हिंदू राष्ट्रवाद वैसे ही मिट्टी में मिलेगा देने जैसे पृथ्वीराज चौहान के आखिरी शासन की आखिरी हिंदू सत्ता थी! विदेशी गुलामी से पहले की!

सोचें, हिंदू मोदी राज में कैसा–क्या है? आरक्षण व्यवस्था लागू होने के 75 वर्ष बाद भारत का दलित चीफ जस्टिस, दलित आईपीएस एडीजीपी, एक दलित कांस्टेबल की हालिया प्रतिनिधि घटनाओं, व्यवहार, अनुभव से क्या यह नहीं मालूम होता कि आरक्षण व्यवस्था पूरी तरह फेल है! इसने हिंदू समाज में समानता की बजाय समरसता, परस्पर मान–सम्मान, सद्भावपूर्ण व्यवहार को न केवल और खराब किया है, बल्कि जातीय पूर्वाग्रहों, वैमनस्य, दुराव, नीचताओं की हद पार करा दी है।

सचमुच हर हिंदू को ("जितनी आबादी, उतना हक़" का सामाजिक न्याय चाहने वालों को अवश्य) हरियाणा के वरिष्ठ आईपीएस एडीजीपी पुरण कुमार के सुसाइड नोट तथा घटना के बाद उनकी पत्नी आईएएस अधिकारी अनमित कुमार की शिकायत–एफआईआर को पढ़ना चाहिए।

समझ आएगा कि आरक्षण की व्यवस्था ने हिंदू समाज को मानसिक उत्पीडन की भी बना दिया है। पूरा समाज, पूरी आबादी जल रही है, खोखला गई है। जिसे आरक्षण मिला और जिसे नहीं मिला, सभी भूख, उत्पीडन, जलालत, भेदभाव की भी में जलते हुए है। सोचें, भारत के चीफ जस्टिस गवई पर! भारत राष्ट्र की सत्ता–व्यवस्था के एक स्तंभ न्यायपालिका के प्रमुख। वे आरक्षण से नहीं बने। पर आरक्षण से चिन्हित हुई जाति के वे पर्याय दलित हैं तो उन पर जूता फेंकना सोशल मीडिया में आज तर्कसंगत व प्रशंसनीय है या फिर हिंदू धर्म को गालियां हैं तो सत्य क्या जाहिर? पूरा समाज ही आरक्षण से मानसिक रोगी है। सोचें, तब भारत राष्ट्र–राज्य कैसा रोगी, खोखला, अशक्त और असहाय है!

इसे नई ऊंचाईयां मोदी राज से हैं। नरेंद्र मोदी से पहले तक कांग्रेस, भाजपा, लेफ्ट के राष्ट्रीय राजनीति के नैरेटिव में मंडल–कमंडल दोनों सीमाबद्ध थे। पर अब यदि राहुल गांधी का "जितनी आबादी, उतना हक़" का पागलपन है तो वजह मोदी–शाह द्वारा जात राजनीति, पिछड़ावाद से वोट प्रबंधन हैं। मोदी सरकार ने पूरी राजनीति को ही जब धर्म, जात, पैसे और लोगों को गंवार बनाने के प्रोपेगेंडा की फैक्टरी में कनवर्ट कर दिया है तो विपक्ष क्या करेगा? यह नोट रखें कि जो दिशा है उसमें मोदी सरकार सुप्रीम कोर्ट से आरक्षण की सीमा 75–84 प्रतिशत (मतलब जितनी आबादी, उतना हक़) बढ़वा देगी। वही जातीय जनगणना के बाद फिर 2029 के चुनाव में प्राइवेट क्षेत्र में आरक्षण लागू कराने का वादा होगा! इसलिए क्योंकि चुनाव किसी भी सूरत में जीतना है। फिर यों भी भारत को आगे बुद्धि, काबलियत की जरूरत नहीं है।

अमेरिकी कंपनियों की एआई (कृत्रिम बुद्धि–काबलियत) से ही भारत चलना है।सो मोदी–भाजपा–संघ की यह आखिरी देन तय है जो भारत हर तरह से गुलाम, अक्षम, नाकाबिल और पूरी तरह से जातियों–धर्म की जिद्द में लड़ता–झगड़ता–मनोरोगी होगा!

# भाजपा ने बिहार खरीदा, जीत लिया!

**हरिशंकर व्यास**

हो सकता है मैं गलत हूं, फिर भी मेरा मानना है बिहार मोदी–शाह की गोद में है। तेजस्वी, राहुल गांधी, प्रशांत किशोर किसी का कोई अर्थ नहीं। इन सबकी याकि विपक्ष की दिक्कत है जो नहीं समझते कि नरेंद्र मोदी–अमित शाह चौबीस घंटे सत्ता की भूख में जीते हैं। कैसे भी हो सत्ता में रहना है। सोचें, ईस्ट इंडिया कंपनी के बनिया अंग्रेज और मोदी–शाह में क्या समानता है? फूट डालो, राज करो और खरीदो! त्रासद है उस इतिहास को याद कराना। पर तथ्य याद करें कि ईस्ट इंडिया कंपनी ने 1757 में पलासी और 1764 में बक्सर के युद्ध को जीता था तो उसमें तब बिहार भी था। पता है क्लाइव की सेना में कुल तीन हजार सैनिक थे! इसमें गोरे सैनिक केवल आठ सौ थे! जबकि हिंदुस्तानी सेना में पचास हजार सैनिक थे। मगर क्लाइव ने स्थानीय जगत सेठों के पैसे का इस्तेमाल किया। मीर जाफर और उनके सैनिकों को खरीद लिया। सो, अंग्रेज बनिया जीते और फिर दो सौ साल बंगाल, बिहार और उड़ीसा को लूटा। सो, बांटना, जीतना, लूटना अंग्रेजों का बताया मंत्र है।भला मोदी–शाह की ईस्ट इंडिया कंपनी याकि श्रेनी जगत सेठों के हिस्सेदारी वाली कंपनी क्यों चूके? ध्यान रहे बिहार को मोदी–शाह की टीम ही चला रही है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, जनता दल यू पूरी तरह मोदी–शाह की राजनीति, प्रबंधकीय व्यवस्थाओं, वोट पकाने की असेंबली लाइन से निर्देशित हैं। मैंने 2017 के उत्तर प्रदेश चुनाव के बाद विश्लेषण किया था कि चुनाव का मतदान अब मोदी–शाह की असेंबली लाइन में धड़ाधड़ वोटों का उत्पादन है। इसलिए क्योंकि दोनों की गणित में ए टू जेड के सभी विकल्प हैं, जुमले हैं, प्रबंधकीय व्यवस्थाएं हैं। और यह सत्य लगातार साबित हुआ है। बिहार के मामले में अपने को इसलिए दिलचस्पी थी क्योंकि प्रशांत किशोर बिहार और मोदी–शाह को गहराई से जानते–समझते हैं तो वे कुछ ऐसा नया, अनहोना करेंगे जिससे कुछ उलटफेर हो।पर वे भी फेल होते लगते हैं। इसलिए क्योंकि उन्हें यह अनुमान नहीं रहा होगा कि चुनाव से ऐन पहले लगभग पूरी आबादी को अलग–अलग टुकड़ों में बांट, उनके अलग–अलग प्रतिनिधि ग्रुप बनाकर सीधे खातों में इतनी नकदी पहुंचा दी जाएगी कि घर–परिवार के लोग बाकी सब भुला देंगे। मेरा मानना है महिलाओं के खातों में दस हजार रुपए की नकदी पहुंचाना निर्णायक है। जिस प्रदेश में कुछ सौ रुपए, हजार–दो हजार रुपए के लिए लाठी चले, जान चली जाए वहां दस–दस हजार रुपए महिला के खाते में पहुंचे और उस पैसे से छठ का त्योहार मने तो वह तो उनके लिए अमृतकाल ही होगा !कहते हैं इतनी स्कीमों, इतने बहानों की आड़ में सरकार से बिहार में पैसा बंटा है कि कोई हिसाब नहीं लग सकता। तभी ईवीएम से कथित धांधली या चुनाव आयोग की हेराफेरी या हिंदू बनाम मुस्लिम की बिहार में जरूरत नहीं होगी। बिहार का यह चुनाव सरकारी पैसे से जीता जाएगा। चुनाव में वादों से पहले ही जब पैसा बंट गया है, लोगों को खरीद लिया है तो चुनाव में भी वादों व खैरात के अलग नैरेटिव और जमीनी प्रबंध होंगे। इसलिए भाजपा–जनता दल यू की छप्पर फाड़ जीत तय है।

# तालिबान पर यू–टर्न?

यह महत्त्वपूर्ण है कि अफगानिस्तान संबंधी मास्को फॉर्मेट कंसल्टेशन की बैठक में भारत शामिल हुआ और वहां उभरी एक ऐसी राय से सहमत हुआ, जो स्पष्टत: अमेरिका के खिलाफ है। बैठक में रूस, चीन और पाकिस्तान के प्रतिनिधि भी थे। खबर है कि भारत यात्रा के दौरान अफगानिस्तान की तालिबान सरकार के विदेश मंत्री आमिर खान मोत्ताकी को वह पूरा सम्मान मिलेगा, जो किसी अन्य विदेश मंत्री को प्रोटोकॉल के तहत दिया जाता है। कूटनीतिक हलकों में इसे तालिबान सरकार को भारत की परोक्ष मान्यता के रूप में देखा गया है। इस यात्रा से ठीक पहले हुई एक अन्य घटना से ये राय और मजबूत हुई है। यह महत्त्वपूर्ण है कि अफगानिस्तान के संबंध में मास्को फॉर्मेट कंसल्टेशन की बैठक में भारत ने भाग लिया और वहां उभरी एक ऐसी राय से सहमत हुआ, जो स्पष्टत: अमेरिका के खिलाफ है। बैठक में रूस, चीन और पाकिस्तान के प्रतिनिधि भी थे। बैठक के बाद जारी साझा बयान में इन देशों ने कहा– 'अफगानिस्तान और उसके पड़ोसी देशों में अपना सैन्य ढांचा तैनात करने की किसी देश की कोशिश अस्वीकार्य है, क्योंकि इससे क्षेत्रीय शांति एवं स्थिरता को लाभ नहीं होगा।इ ध्यानार्थ है कि हाल में अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने अफगानिस्तान के बागराम वायु सेना अड्डे को फिर से अमेरिकी नियंत्रण में लेने का इरादा जताया था। तो साफ है, इस मसले पर भारत की सहमति रूस, चीन और पाकिस्तान के साथ है। रूस तालिबान सरकार को मान्यता दे चुका है। चीन और पाकिस्तान बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव के तहत जारी चीन– पाकिस्तान इकॉनमिक कॉरिडोर का विस्तार अफगानिस्तान तक करने का निर्णय लेकर तालिबान से अपने तार जोड़ चुके हैं। जबकि अब तक भारत की राय अलग रही है।काबुल पर तालिबान के कब्जे के बाद सितंबर 2021 में शंघाई सहयोग संगठन के शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय को चेतावनी दी थी कि तालिबान को मान्यता देने में जल्दबाजी न की जाए। जबकि चीन और रूस ने इस मामले में लचीला रुख अपनाया। संभव है कि भारत सरकार को महसूस हुआ हो कि उसके दुविधाग्रस्त रुख के कारण अफगानिस्तान में प्रभाव बनाने की होड़ में वह पिछड़ गई है। इस बीच बदली विश्व परिस्थितियों का असर भी भारत के रुख पर हुआ हो सकता है। मगर सवाल है कि अब रुख परिवर्तन से क्या सचमुच भारत के हित वहां सधेंगे?

# टिकाऊ शांति का रास्ता?

फिलहाल, गजा के बाशिंदों को बड़ी राहत मिली है। मगर अब अंतरराष्ट्रीय समुदाय के सामने दो–राज्य सिद्धांत के तहत स्वतंत्र फिलस्तीन की स्थापना करवाने की चुनौती है, जिसके बिना कोई समझौता स्थायी शांति नहीं ला पाएगा। इजराइल और हमास के बीच शांति समझौते के पहले चरण पर सहमति बनने के साथ गज़ा में लड़ाई रुकने की संभावना मजबूत हुई है। यह समझौता अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप की 20 सूत्री शांति योजना के तहत हुआ। इसके मुताबिक इजराइल हमले तुरंत रोकने और गज़ा से अपनी फौज की आंशिक वापसी पर राजी हुआ है। बदले में हमास 20 जिंदा इजराइली बंधकों और 28 बंधकों के शव लौटाएगा। इजराइल उम्र कैद काट रहे 250 से अधिक फिलस्तीनियों को रिहा करेगा। इसके अलावा वह 1,700 उन फिलस्तीनियों को रिहा करेगा, जिन्हें सात अक्टूबर 2023 के बाद से उसने हिरासत में ले रखा है। इसके बाद क्या होगा, इस पर शांति समझौते के दूसरे चरण में बातचीत होगी। इस दौरान गजा में राजनीति प्रशासन एवं सुरक्षा का नया ढांचा बनाने के सवाल पर वार्ता होगी। इस पर रजामंदी होना ज्यादा मुश्किल हो सकता है। हमास ने कहा है कि 'राष्ट्रीय स्वतंत्रता और आत्म–निर्णय का अधिकारइ हासिल करने के संकल्प पर वह अडिग है। गज़ा का प्रशासन फिलस्तीनियों के हाथ में रहे, इसे वह सुनिश्चित करेगा। क्या इजराइल इसके लिए राजी होगा? या इस सवाल पर बातचीत टूट जाएगी और फिर से गजा में मानव संहार का नजारा देखने को मिलेगा? ये इस समय सबसे प्रासंगिक प्रश्न हैं।

# मलाइका अरोड़ा का फिटनेस मंत्र




51 साल की बॉलीवुड अभिनेत्री मलाइका अरोड़ा आज भी इतनी फिट हैं कि 31 साल की एक्ट्रेस को भी फिटनेस में टक्कर दे सकती हैं। एक्ट्रेस जिम में पसीना बहाने से लेकर शरीर को फ्लेक्सिबल बनाने के लिए योग का सहारा लेती हैं और हेल्थी डाइट फॉलो करती हैं। अब एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ योगा पोज शेयर किए हैं, जो आपके संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए वरदान हैं। मलाइका अरोड़ा ने अपना सोशल मीडिया अपडेट किया है और छह अलग–अलग योगा पोज डाले हैं। एक्ट्रेस ने कैप्शन में लिखा, 6 जेंटल योगा पोज, जिसे करने पर आपका शरीर आपको धन्यवाद देगा। एक्ट्रेस पहले वीडियो में कैट एंड काऊपोज करती दिख रही हैं। इस आसन को करने से रीढ़ की हड्डी में रक्त संचार बढ़ता है और शरीर की मांसपेशियां भी खुला महसूस करती हैं। दूसरी वीडियो में एक्ट्रेस हिप स्ट्रेच करती दिख रही हैं। ये आसन पैरों, कुल्हे और गर्भाश्य के लिए अच्छा होता है। तीसरी वीडियो में एक्ट्रेस पप्पी पोज कर रही हैं। ये योगासन सिर और कंधे में पैदा होने वाली जकड़न से छुटकारा दिलाता है। अगर आप कम्प्यूटर पर काम करते हैं, तो ये आसन आपके लिए बेस्ट है।

# महिला विश्व कप – भारत–ऑस्ट्रेलिया मैच में बना छक्कों का रिकॉर्ड

विशाखापत्तनम , महिला विश्व कप 2025 में रविवार को एसीए–वीडीसीए क्रिकेट स्टेडियम में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच एक हाईस्कोरिंग और रोमांचक मुकाबला खेला गया, जिसमें भारतीय टीम को 3 विकेट से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय टीम द्वारा दिए गए 331 के लक्ष्य को ऑस्ट्रेलिया ने 7 विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया। महिला वनडे विश्व कप के इतिहास को देखा जाए तो यह मैच सर्वाधिक छक्कों के लिए याद किया जाएगा। भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 330 रन बनाए थे। प्रतिका रावल ने अपनी 75 रन की पारी में 1 छक्का लगाया था। वहीं, स्मृति मंधाना ने अपनी 80 रन की पारी में 3 छक्के लगाए। हरलीन देओल ने 1 और ऋचा घोष ने 2 छक्के लगाए। कुल मिलाकर भारतीय टीम की तरफ से 7 छक्के लगे। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से कप्तान एलिसा हिली ने अपनी 142 रन की पारी में 3 छक्के लगाए। फोएबे लिचफिल्ड, एल्सी पेरी, और एश्ले गार्डनर ने 1–1 छक्का लगाया। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से 6 छक्के लगे। कुल मिलाकर मैच में 13 छक्के लगे। महिला वनडे विश्व कप के इतिहास में किसी मैच में लगे सर्वाधिक छक्कों का यह रिकॉर्ड है।

# ओलंपिक चैंपियन अरशद नदीम के कोच सलमान इकबाल पर लगा आजीवन प्रतिबंध



इस्लामाबाद ,। पाकिस्तान के लिए पेरिस ओलंपिक 2024 में भाला फेंक में ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीतने वाले एथलीट अरशद नदीम के कोच सलमान इकबाल बट पर एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ पाकिस्तान (स्नक्क) ने आजीवन प्रतिबंध लगा दिया है। फेडरेशन ने इस कार्रवाई का आधिकारिक कारण पंजाब एथलेटिक्स संघ के संविधान का उल्लंघन बताया है, लेकिन इस फैसले ने पाकिस्तान के खेल जगत में एक नया विवाद खड़ा कर दिया है।एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ पाकिस्तान के अनुसार, पंजाब एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष सलमान इकबाल ने अगस्त में संघ के चुनाव कराकर नियमों का उल्लंघन किया था। इसी मामले की जांच के लिए सितंबर में एक कमेटी का गठन किया गया था, जिसकी सिफारिश पर 10 अक्टूबर को यह प्रतिबंध लगाया गया। इस आजीवन प्रतिबंध के तहत, सलमान इकबाल अब किसी भी एथलेटिक्स गतिविधि में भाग नहीं ले सकते, कोचिंग नहीं दे सकते और न ही किसी पद पर रह सकते हैं।भले ही आधिकारिक कारण चुनावी प्रक्रिया को बताया जा रहा हो, लेकिन इस फैसले को हाल ही में समाप्त हुई वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अरशद नदीम के निराशाजनक प्रदर्शन से जोड़कर देखा जा रहा है। पाकिस्तान स्पोर्ट्स बोर्ड (क्कस्क्) ने नदीम के खराब प्रदर्शन को लेकर कोच सलमान इकबाल से स्पष्टीकरण मांगा था। इसके साथ ही क्कस्क् ने नदीम की ट्रेनिंग और विदेश यात्राओं पर हुए खर्च का ब्योरा भी तलब किया था।

# दे दे प्यार दे 2 की रिलीज डेट हुई फाइनल



फिल्म दे दे प्यार दे ने साल 2019 में लोगों के दिलों में खास जगह बनाई थी। यह एक ऐसी कहानी थी जिसमें उम्र के फासले और प्यार की ताकत को खूबसूरती से दिखाया गया था। अजय देवगन और रकुल प्रीत सिंह की जोड़ी को दर्शकों ने काफी पसंद किया। वहीं तब्बू ने भी अपनी भूमिका से फिल्म में चार चांद लगाए। अब, इस लोकप्रिय फिल्म का दूसरा पार्ट, यानी दे दे प्यार दे 2, जल्दी ही बड़े पर्दे पर दस्तक देने वाला है। इस फिल्म की रिलीज डेट का खुलासा खुद रकुल प्रीत सिंह ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए किया। रकुल प्रीत सिंह ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक खास मोशन पोस्ट शेयर किया, जिसमें उन्होंने लिखा, प्यार का सीक्वल है क्रूशियल। क्या आशीष को मिलेगा आयशा के पेरेंट्स का अप्रूवल? दे दे प्यार दे 2 सिनेमाघरों में 14 नवंबर को रिलीज होगी। यह फिल्म दे दे प्यार दे का सीक्वल है और इसमें दिखाया जाएगा कि आशीष, जो कि अजय देवगन के किरदार का नाम है, कैसे आयशा के माता–पिता को अपने रिश्ते के लिए मनाने की कोशिश करता है।

# थामा का नया ट्रैक: दिल को छू जाने वाला काव्यात्मक गाना रहें ना रहें हम, एक प्यार भरा नग़मा जो रहेगा हमेशा यादगार

जिन धमाकेदार डांस नंबर्स ने चार्ट्स पर आग लगा रखी थी, उनके बाद थामा के मेकर्स अब लाए हैं एक इमोशनल लव सॉन्ग "रहें ना रहें हम"। इसे गाया है सौम्यदीप सरकार ने, संगीत दिया है सुपरहिट जोड़ी सचिनझजिगर ने, और इसके जज़्बाती बोल लिखे हैं लफ़्ज़ों के उस्ताद अमिताभ भट्टाचार्य ने। पहले आए गानों "तुम मेरे ना हुए" और "दिलबर की आँखों का" ने जहां डांस फ्लोर को झुमाया था, वहीं "रहें ना रहें हम" दिल के तार छेड़ देता है प्यार, जुदाई और यादों की वो फीलिंग जो सीधे रूह को छू लेती है। ये गाना खत्म तो होता है, पर एहसास देर तक बाकी रहता है एक साथ दर्दभरा भी और सुकून देने वाला भी। सचिनझजिगर ने बताया, "रहें ना रहें हम ऐसा गाना है जो दिल से निकलता है और दिल तक पहुंचता है। हमने उस जुदाई के दर्द को कैद करने की कोशिश की है जो शोर नहीं मचाता, बस अंदर कहीं रह जाता है।

# राजपुताना रॉयल्स ने जीता तीरंदाजी प्रीमियर लीग का खिताब



नई दिल्ली ,तीरंदाजी प्रीमियर लीग के पहले संस्करण का फाइनल राजपुताना रॉयल्स और पृथ्वीराज योद्धा के बीच खेला गया, जो बेहद रोमांचक रहा। रॉयल्स ने शानदार शूट–ऑफ में खिताब अपने नाम किया। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की मौजूदगी में हुए टाईब्रेकर शूट–ऑफ में मुकाबला बराबरी पर छूटा, जहां रॉयल्स के दो सबसे बेहतरीन कंपाउंड तीरंदाजों, ओजस देवताले और एला गिब्सन ने निशाना साधा। योद्धा के चारों खिलाड़ियों में से कोई भी पीला बिंदु नहीं छू पाया। हालांकि योद्धा एक सेट में आठ तीरों का परफेक्ट रोटेशन दर्ज करने वाली पहली एपीएल (आर्चरी प्रीमियर लीग) टीम बनी। रॉयल्स के लिए, रिकर्वर्स मेटे गाजोज और अंकिता भक्त ने गिब्सन और देवताले के साथ मिलकर अपनी टीम को ट्रॉफी जीतने में मदद की। पिछले 12 मैचों में टीम सिर्फ एक बार हारी है।

योद्धाओं को पहले सेट में 78–77 से जीत मिली। अगले सेट में रॉयल्स ने 78–75 के अंतर से वापसी की और स्कोर 2–2 से बराबर कर दिया।

तीसरे सेट में योद्धाज के तीरंदाजों ने सभी आठ तीरों पर 10 अंक बनाकर इतिहास रच दिया और 80–77 के अभूतपूर्व स्कोर के साथ जीत हासिल की।चौथे सेट के अंत में मुकाबला बेहद रोमांचक हो गया, जब ग्रांडे को योद्धाज के लिए चैंपियनशिप पक्की करने के लिए 9 अंक चाहिए थे, लेकिन उन्होंने 8 अंक हासिल कर लिए और रॉयल्स ने 78–77 से सेट जीतकर स्कोर 4–4 कर दिया, जिसमें विजेता का फैसला शूटऑफ से हुआ। बाकी काम गिब्सन और देवताले ने शूटऑफ के लक्ष्य को दो बार भेदकर पूरा किया।

इससे पहले, पहले सेमीफाइनल में, रॉयल्स ने तीन सेटों में केवल छह अंक गंवाए और 78–78, 79–77, 77–75 के स्कोर के साथ चेरो आर्चर्स को 5–1 से हरा दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### वाहन पर गिरा पत्थर, चालक घायल

चमोली : शिक्षकों को स्कूल छोड़कर लौट रहे एक वाहन के ऊपर पहाड़ी से बिरही-निजमुला सड़क पर काली चट्टान के पास पत्थर आ गिरा। पत्थर गिरने से वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में चालक गंभीर रूप से घायल हो गया है। चालक को जिला अस्पताल गोपेश्वर में भर्ती कराया गया। सोमवार को वाहन चालक रणजीत सिंह निवासी बिरही गोपेश्वर से शिक्षकों को लेकर निजमुला क्षेत्र के गाड़ी गांव गया। शिक्षकों को छोड़कर रणजीत सिंह वाहन से बिरही लौट रहा था कि काली चट्टान के पास आते ही अचानक पहाड़ी से बड़ा पत्थर वाहन पर आ गिरा। वाहन अनियंत्रित होकर सड़क पर ही पलट गया। दुर्घटना में चालक रणजीत सिंह को काफी चोटें आईं। स्थानीय लोगों की मदद से उसे जिला अस्पताल गोपेश्वर में भर्ती किया गया। (एजेंसी)

### बिना अनुमति हाईटेंशन लाइन ले जाने का विरोध

चमोली : ग्राम पंचायत नाकोट के ग्रामीणों ने उत्तराखंड विद्युत पावर कारपोरेशन लिमिटेड की ओर से बिना अनुमति के उनके खेतों से बिजली की हाईटेंशन लाइन ले जाने और पोल लगाने पर आपत्ति जताई। कांति प्रसाद डिमरी और अनिल डिमरी ने एसडीएम को दिए ज्ञापन में कार्यदायी संस्था की ओर से किए जा रहे कार्य को रुकवाने की मांग की। वहीं एसडीएम एसएस रांगड़ ने बताया कि बिना पूर्व सूचना के ग्रामीणों के खेतों में हाईटेंशन लाइन लगाने के मामले में शीघ्र कार्रवाई की जाएगी। (एजेंसी)

### अनिश्चितकालीन आंदोलन तीसरे दिन भी रहा जारी

चमोली : नगर के मुख्य बाजार में आयोजित ग्राम प्रधान संगठन चमोली का दो सूत्री मांगों के लिए अनिश्चितकालीन आंदोलन सोमवार को तीसरे दिन भी जारी रहा। ग्राम प्रधानों ने कहा कि विगत दो माह होने के बावजूद सरकार की ओर से ग्राम पंचायतों में वार्ड मेंबर और ग्राम प्रधानों के रिक्त पदों पर उपचुनाव की अधिसूचना जारी नहीं करने से नवनिर्वाचित ग्राम प्रधान विधिवत कार्य नहीं कर पा रहे हैं। कहा कि सरकार और निर्वाचन आयोग को उप चुनाव की प्रक्रिया संपादित होने तक ग्राम प्रधानों को प्रशासक नियुक्त करना चाहिए। ताकि ग्राम पंचायतों में लंबित कार्य संपादित किए जा सकें। प्रधानों के आंदोलन को पूर्व पंचायत प्रतिनिधि हरीश चौहान ने समर्थन दिया। धरना देने वालों में प्रधान उमेश खंडूड़ी, जयवीर सिंह तोपाल, पृथ्वी सिंह रावत, उषा रावत, बीना देवी, रखी देवी और राजे सिंह चौहान आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

### आग बुझाने के उपकरण जांचे गए

रुद्रप्रयाग : त्योहारी सीजन को देखते हुए अग्निशमन विभाग की ओर से आग बुझाने के उपकरण जांचे गए और उनका प्रयोग करके देखा गया। प्रभारी अग्निशमन अधिकारी गणनाथ सिंह बिष्ट के नेतृत्व में इन दिनों जिले के अग्निशमन दस्ते को सतर्क किया जा रहा है। कर्मियों की ओर से प्रतिदिन शारीरिक फिटनेस बनाए रखने के लिए व्यायाम किया जा रहा है। अग्निशमन प्रभारी ने बताया कि अग्निशमन कर्मी रोज ड्रिल, आपदा प्रबंधन संबंधी, अग्निकांड होने पर की जाने वाली कार्रवाई और उपकरणों के सही उपयोग का अभ्यास कर रहे हैं।

यह अभ्यास एक टास्क के रूप में किया जा रहा है। ड्रिल के दौरान कर्मियों को होज लाइन बिछाने, ब्रांच संचालन व टीम समन्वयक की जानकारी दी जा रही है। इधर फायर यूनिट अगस्त्यमुनि की ओर से फायर हाइड्रेंट का निरीक्षण व इसकी उपयोगिता जांची गई। इस दौरान हाइड्रेंट पर प्रेशरयुक्त पानी की सप्लाई मिली। (एजेंसी)

### साइबर घटना होने पर 1930 नंबर पर दें सूचना

रुद्रप्रयाग : थाना पुलिस की ओर से मैखंडा गांव में नशा व साइबर अपराध के खिलाफ डोर टू डोर जन जागरूकता अभियान चलाया गया। लोगों को साइबर फ्रॉड से सचेत रहने के साथ ही कोई साइबर घटना होने पर तुरंत 1930 नंबर पर फोन करने के लिए कहा। थानाध्यक्ष रणजीत खनेड़ा ने कहा कि जन जागरूकता से ही नशे के खिलाफ चल रही मुहिम को पूरा किया जा सकता है। मौजूदा समय में साइबर फ्रॉड के मामले बढ़ रहे हैं। साइबर अपराधी लोगों को ठगने के लिए नए-नए तरीके अपना रहे हैं। इससे बचने के लिए जागरूकता जरूरी है। कहा कि नशे के खिलाफ लगातार अभियान जारी रहेगा। इसमें संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। (एजेंसी)

# हवा हो गई सख्ती, अतिक्रमण बना चुनौती


कोटद्वार के बदरीनाथ मार्ग में राष्ट्रीय राजमार्ग पर रेहड़ी-ठेली

### कुछ दिन पूर्व पुलिस की ओर से चलाया गया था अभियान

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** अतिक्रमण को लेकर चलाया जा रहा पुलिस का अभियान केवल खानापूर्ति साबित हो रहा है। हालत यह है कि कुछ दिन पूर्व अतिक्रमण के खिलाफ सख्ती दिखाने के बाद भी अतिक्रमणकारियों ने सड़क पर दोबारा अपना कब्जा जमा दिया है। नतीजा, अतिक्रमण की जद में आए गोखले मार्ग पर आमजन का पैदल चलना भी मुश्किल होता जा रहा है।

तीन दिन पूर्व ही प्रशासन व पुलिस ने मार्ग पर अतिक्रमण अभियान चलाते हुए रेहड़ी-ठेली व फड वालों को चेतावनी भी दी थी। इसके बाद भी अतिक्रमणकारियों ने मार्ग का मोह नहीं छोड़ा। इससे साफ है कि प्रशासनिक कार्रवाई का असर महज दिखावटी साबित हो रहा है। शहर के बीच बाजार में स्थित गोखले मार्ग से रेहड़ी-ठेली व फड़ वालों का मोह नहीं छूट रहा। पुलिस, प्रशासन व नगर निगम की सख्ती के बाद भी यह मार्ग अतिक्रमण मुक्त नहीं हो पाया है। सड़क के दोनों ओर रेहड़ी-ठेली व फड ने मार्ग से पैदल आवागमन भी मुश्किल कर दिया है। अतिक्रमण के कारण मार्ग पर हर समय दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। कुछ माह पूर्व एक छोटे हाथी वाहन ने सड़क से गुजर रहे एक बच्चे को टक्कर मार दी थी। हालांकि, दुर्घटना में बच्चे को अधिक चोट नहीं आई लेकिन, एक बड़ा हादसा होने से बच गया।

### सख्ती का नहीं असर

तीन दिन पूर्व तहसीलदार साक्षी उपाध्याय के नेतृत्व में प्रशासन व पुलिस की टीम ने गोखले मार्ग में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया था। अभियान के दौरान दर्जनों रेहड़ी ठेली को भी जब्त किया गया। साथ ही व्यापारियों से भी रेहड़ी-ठेली व फड वालों को अपने प्रतिष्ठानों के बाहर नहीं लगवाने की अपील की गई। बावजूद अगले ही दिन दोबारा मार्ग पर अतिक्रमण की स्थिति पूर्व की भांति ही दिखाई दी। इससे पूर्व भी प्रशासन, नगर निगम व पुलिस समय-समय पर मार्ग में अभियान चलाती रहती है। लेकिन, इस अभियान को देखकर लगता है कि सिस्टम को अतिक्रमण हटाने के नाम पर केवल राजस्व बढ़ाने से ही मतलब है।

# क्षेत्र के बेहतर विकास के लिए हो रहे कार्य


कोटद्वार के घमंडपुर में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते विस अध्यक्ष

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने कहा कि क्षेत्र के बेहतर विकास के लिए वह गंभीरता से कार्य कर रही हैं। कहा कि हर वार्ड में बेहतर सुविधाओं के लिए योजनाएं तैयारी की जा रही हैं। इस दौरान उन्होंने वार्ड नंबर 29 घमंडपुर में यात्री शेड बनवाने का आश्वासन दिया।

घमंडपुर वार्ड नंबर 29 में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि हम सभी को क्षेत्र के बेहतर विकास के लिए अपना योगदान देना चाहिए। वर्तमान में कोटद्वार के हर वार्ड को बेहतर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इसी के तहत घमंडपुर में यात्री शेड का निर्माण करवाया जाएगा। भूमि चयन के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए जाएंगे। बालिका इंटर कालेज में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजित हेतु एक बड़े हाल का निर्माण करवाया जाएगा। गुरु झड़ा मंदिर के सौदर्यीकरण और टीन शेड निर्माण का कार्य भी जल्द प्रारंभ करवाया जाएगा। उन्होंने बदहाल सड़कों की मरम्मत व प्राथमिक विद्यालय घमंडपुर में चारदीवारी और शौचालय का निर्माण करवाने की भी बात कही। इस मौके पर पार्षद अमित नेगी, आशीष रावत, संजीव चंद्र आदि मौजूद रहे।

# आवास किस्त नहीं मिलने पर पार्षदों ने जताया रोष

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत लोगों को आवास योजना की किस्त नहीं मिलने पर पार्षदों ने रोष व्यक्त किया है। कहा कि नगर निगम व प्रशासन को इस ओर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए। कई परिवारों ने अपने परिचितों से पैसे उधार लेकर निर्माण कार्य को पूर्ण करवाया है। ऐसे में जल्द से जल्द लाभार्थियों को किस्त उपलब्ध करवाई जानी चाहिए।

वार्ड नंबर 37 के पार्षद सुखपाल शाह, भीम सिंह नेगी, मनोज शाह, श्रीधर प्रसाद बेलवाल, जगदीश प्रसाद ने नगर निगम में पहुंचकर नगर आयुक्त पीएल शाह से मुलाकात की। कहा कि गरीब को छत दिलवाने के लिए केंद्र सरकार की ओर से प्रधानमंत्री आवास योजना चलाई गई है। विभिन्न किस्तों में लाभार्थियों को दो लाख रुपये घर निर्माण के लिए दिए जाते हैं। लेकिन, भाबर क्षेत्र में अधिकांश लाभार्थियों को अंतिम किस्त उपलब्ध नहीं हुई है। जबकि, लाभार्थी लगातार नगर निगम व प्रशासन के चक्कर काट रहे हैं। मजबूरी में कई लोगों ने ऋण लेकर अपने आवास का कार्य पूर्ण करवाया है। कहा कि प्रदेश सरकार ने भी पीएम आवास योजना पूर्ण करने वालों को किचन किट के लिए पांच हजार रुपये देने का वादा किया था। लेकिन अब तक यह धनराशि भी उपलब्ध नहीं हो पाई है। यही नहीं, शौचालय के लिए भी परिवारों को धनराशि उपलब्ध नहीं हुई। कहा कि लाभार्थियों के हित को देखते हुए जल्द से जल्द धनराशि उपलब्ध करवाई जानी चाहिए। इस मौके पर उत्तम सिंह, निर्मला देवी, अनीता देवी, सुमित्रा देवी, तेज प्रकाश, देवेंद्र प्रसाद, बीना देवी, बेबी देवी, सुभाष चंद्र, सत्यदेव आदि मौजूद रहे।

### शिक्षकों के तबादलों को निरस्त करने की मांग

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : बीजीआर परिसर के छात्रसंघ पदाधिकारियों ने परिसर में कार्यरत शिक्षकों के तबादले किए जाने पर चिंता जताई है। कहा कि पौड़ी परिसर में शिक्षकों की पहले से ही कमी है ऐसे में तबादला किए जाने से छात्रों की शिक्षा पर इसका प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने तबादलों को निरस्त करते हुए उक्त शिक्षकों को पुनः पौड़ी परिसर में नियुक्त करने की मांग की है। सोमवार को परिसर निदेशक के माध्यम से कुलपति को भेजे गए ज्ञापन में छात्रसंघ कोषाध्यक्ष सुमित कुमार व पूर्व अध्यक्ष ऋत्विक असवाल ने कहा कि पौड़ी परिसर से तीन-तीन शिक्षाविदों को तबादला श्रीनगर परिसर में कर दिया गया है। बताया कि करीब 25 साल बाद पौड़ी परिसर को स्थायी शिक्षक मिले, उनका भी श्रीनगर तबादला कर दिया गया। जबकि इससे पूर्व भी डॉ. किरन बाला समाजशास्त्र, डॉ. रूपराज अर्थशास्त्र व डॉ. सुनील कुमार भौतिक विज्ञान का भी तबादला श्रीनगर कैंपस कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि इससे परिसर में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं की शिक्षा प्रभावित हो रही है। इस मौके पर अनीषा ममगाईं, अंकुश थपलियाल, आशुतोष नेगी, ऋषभ कुमार आदि शामिल रहे।

# महिलाओं की हुई गोदभराई, बांटी किट

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग की ओर से महिलाओं की गोदभराई व बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार किया गया। इस दौरान माताओं को महालक्ष्मी किट भी दी गई। इस दौरान लोगों से अधिक से अधिक सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की गई।

सोमवार को नजीबाबाद रोड स्थित डिफेंस कॉलोनी में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष ने राष्ट्रीय पोषण अभियान के तहत विभिन्न योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों को प्रदान किया। उन्होंने पांच नवजात शिशुओं एवं धात्री माताओं को महालक्ष्मी किट, एक किशोरी बालिका को किशोरी किट, तीन अतिकुपोषित बच्चों को पोषण पोटली प्रदान की। साथ ही सात गर्भवती महिलाओं की गोदभराई संस्कार और चार बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार भी संपन्न कराया गया। विस अध्याक्ष ने कहा कि ह्लवर्ष 2018 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं बच्चों के पोषण एवं स्वास्थ्य की दिशा में राष्ट्रीय पोषण अभियान जैसी महत्वपूर्ण पहल की थी। यह अभियान न केवल पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करता है, बल्कि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाकर परिवार और समाज दोनों को सशक्त करता है। इस मौके पर जिला अध्यक्ष राज गौरव नौटियाल, मंडल अध्यक्ष विकासदीप मित्तल, प्रभारी बाल विकास परियोजना अधिकारी शिवाली, सुपरवाइजर संतोषी गुसाईं, वसुंधरा रावत आदि मौजूद रहे।


आयोजित कार्यक्रम में महिला को किट वितरित करती विस अध्यक्ष

# नारायण क्लब ने जीता खो-खो प्रतियोगिता

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : हेल्प ह्यूमन सोसाइटी की ओर से सिम्मलचौड़ में खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला नारायण क्लब के नाम रहा। प्रतियोगिता के अव्वल खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया।

सिम्मलचौड़ में आयोजित प्रतियोगिता का शुभारंभ सलीम अहमद ने किया। उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रहकर जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कहा कि युवाओं को अपना लक्ष्य तक कर उन्नति के पथ पर आगे बढ़ना चाहिए। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य युवाओं को खेल प्रतियोगिताओं के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने युवाओं को समाज में बढ़ रहे नशे की प्रवृत्ति को रोकने के लिए भी आगे आने की अपील की। प्रतियोगिता में नारायण क्लब, बुद्धा क्लब, मिनी क्लब व भाबर एक्सप्रेस क्लब ने भाग लिया। नारायण क्लब ने भाबर एक्सप्रेस क्लब को हराकर फाइनल मुकाबला अपने नाम किया। इस मौके पर योगेश डोगरा, आशिफ हुसैन, नसीम अहमद, अरूण कुमार आदि मौजूद रहे।


कोटद्वार के सिम्मलचौड़ में विजेता टीम को सम्मानित करते अतिथि

### पांच साल में भी नहीं हो पाया 3 किमी. सड़क पर डामरीकरण

चमोली : गैरसैंण ब्लॉक के दूरस्थ गांव खेती और जखेट गांव के लिए बनी तीन किमी. सड़क पर पांच साल में भी डामरीकरण नहीं हो पाया है। ऐसे में ग्रामीणों को उबड़-खाबड़ सड़क से आवाजाही करनी पड़ रही है। बारिश आने पर सड़क की हालत और खराब हो जाती है।

नौटी पैठाणी मार्ग से खेती और जखेट गांव के लिए वर्ष 2019-20 में लोनिवि गौचर की ओर से तीन किमी. सड़क कटिंग की गई थी। दोनों गांवों के करीब 70 परिवार सड़क से जुड़ गए लेकिन सड़क कटिंग के पांच साल बाद भी इस पर डामरीकरण नहीं हो पाया है। ऐसे में पूरी सड़क बदहाल पड़ी है। प्रधान बचन सिंह, पूर्व प्रधान सुरेंद्र सिंह, कुंवर सिंह आदि ने कहा कि मार्ग उब्बड़ खाबड़ बना है। ऐसे में बीमार, बुजुर्ग और गर्भवती महिलाओं को आवागमन में परेशानी होती है।

# घराट में स्थित वन विभाग के पार्क की स्थिति में हो सुधार

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** सोमवार को पनियाली स्थित अरण्य सभागार में सेवानिवृत्त वन अधिकारी कर्मचारी कल्याण समिति की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करने के बाद प्रभागीय वनाधिकारी से मुलाकात कर मुद्दों को सुलझाने का आग्रह किया गया।

समिति संरक्षक धीरज धर बछवाण की अध्यक्षता और अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद पंत के संचालन में आयोजित बैठक में चर्चा करते हुए वक्ताओं ने कहा कि घराट वन निगम डिपो के समीप स्थित पार्क बदहाल स्थिति में है, इसका जीर्णोद्धार किया जाना चाहिए। वहीं कण्वाश्रम के समीप स्थित चौकीघाटा नर्सरी वर्तमान में बंद है, उसे फिर से तैयार किया जाना चाहिए। कहा कि समिति पदाधिकारी विभाग का सहयोग करने हेतु हर समय तत्पर हैं। इस मौके पर कर्मचारियों के कोरोना काल में रोके गए महंगाई भत्ते की किश्त को अवमुक्त करने की मांग भी की गई। चर्चा के बाद प्रभागीय वनाधिकारी को मांग संबधी ज्ञापन सौंपा गया। हेतु सरकार से अनुरोध किया गया है। बैठक में पूर्व एसडीओ अनिल कुकरेती, एआर खान, सुरेश मधवाल, राजेंद्र बिष्ट, चंद्र किशोर असवाल, पूर्व रेंजर कैलाश चंद्र काला और पूर्व वन दरोगा विलोचन राणा सहित अन्य सेवा निवृत्त कर्मचारी, अधिकारी उपस्थित रहे।

# पैठाणी रेंज के गांवों में नहीं थम रही भालू का आतंक

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी :** जनपद पौड़ी गढ़वाल में जंगली जानवरों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। गढ़वाल वन प्रभाग की पैठाणी रेंज में एक बार फिर भालू सक्रिय हो गया। बीती रविवार की रात भालू ने दो गोशालाओं के दरवाजे तोड़कर यहां बंधी गाय को निवाला बना दिया। भालू के आंतक से ग्रामीणों में दहशत बनी है। ग्रामीणों ने वन विभाग से भालू के आतंक से निजात दिलाने की मांग की है। बता दें कि थलीसैंण ब्लाक के कुचोली, कठ्यूड़ और सौंठ आदि गांवों में भालू ने 30 से अधिक घटनाओं को अंजाम दिया है। पूर्व में वन विभाग ने भालू को मारने के आदेश दिये थे, लेकिन टीम भालू को ट्रैक्यूलाइज नहीं कर पाई थी। कुचोली के सामाजिक कार्यकर्ता मातवर सिंह ने



बताया कि एक दो दिन छोड़कर भालू फिर गोशालाओं में बंधे मवेशियों को मारना शुरू कर दे रहा है। ऐसे में दहशत बनी हुई है। ग्रामीण अपनी गोशालाओं तक जाने में डर रहे हैं। भालू के पकड़ में नहीं आने की वजह से लोगों की दिनचर्या भी प्रभावित हो रही है। अकेले कुचोली में ही भालू ने अब तक 10 से अधिक मवेशियों को मार दिया है। ग्रामीणों ने भालू के आंतक से निजात दिलाने की मांग वन विभाग से की है। वहीं दूसरी तरफ वन क्षेत्राधिकारी डीसी नौटियाल ने बताया कि भालू यहां सक्रिय है। कहा कि ग्रामीणों की गोशालाएं भी बस्ती से काफी दूर बनी है साथ ही दरवाजे भी काफी कमजोर है। ऐसे में भालू आसानी से गोशालाओं के दरवाजे तोड़कर मवेशियों को मार दे रहा है। उन्होंने कहा कि विभागीय टीम क्षेत्र में तैनात है, लेकिन यहां सौ से अधिक गोशालाएं है और काफी दूर-दूर भी बनी है। ऐसे में टीम सभी गोशालाओं की निगरानी नहीं कर पा रही है। जहां टीम नहीं रह रही है भालू वहीं हमला कर मवेशियो को मार दे रहा है। इस बीच टीमों में बढ़ोत्तरी भी की जा रही है, ताकि भालू की निगरानी की जा सके। भालू दो-तीन दिन छोड़कर भी गांवों में आ रहा है।

### गौरा शक्ति एप से हुई महिलाओं की सुरक्षा और मजबूत

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : पुलिस द्वारा जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं, बालिकाओं के बीच सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। इस दौरान उन्हें गौरा शक्ति एप डाउनलोड करने के साथ ही बताया जा रहा है कि किसी भी आपात स्थिति में वे सिर्फ एक क्लिक से पुलिस सहायता तुरंत प्राप्त कर सकती है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत महिलाओं को गौरा शक्ति ऐप की जानकारी दी जा रही है।

एसएसपी लोकेश्वर सिंह ने बताया कि जिले में छात्राओं व महिलाओं को किसी भी आपात स्थिति में एक क्लिक पर पुलिस की सहायता प्राप्त करने की जानकारी दी जा रही है। बताया कि जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस टीम गोष्ठी कार्यक्रमों में जाकर महिलाओं व बालिकाओं को गौरा शक्ति ऐप के बारे में विस्तार से जानकारी दे रही है। छात्राओं व महिलाओं को इस ऐप में मौजूद एसओएस फीचर, लोकेशन ट्रैकिंग और त्वरित प्रतिक्रिया प्रणाली महिलाओं की सुरक्षा को और मजबूत बनाते हैं।

# प्रशिक्षण कौशल एवं क्षमता विकास के लिए अहम

### पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला में जिला पंचायत सदस्य ले रहे प्रशिक्षण

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : ई-स्वराज के तहत पंचायतीराज निदेशालय की पहल पर जिला पंचायत पौड़ी के नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्यों की पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला शुरु हो गई है। इस दौरान पंचायतीराज अधिनियम, संविधान संशोधन, आपदा प्रबंधन, डीपीडीपी को लेकर विस्तार से जानकारी प्रदान की जाएगी। सोमवार को पांच दिवसीय कार्यशाला का उद्घाटन जिपं पौड़ी उपाध्यक्ष आरती नेगी ने किया। उन्होंने कहा कि नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्यों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाना बहुत महत्वपूर्ण है। प्रशिक्षण से प्रभावी शासन, जवाबदेही सुनिश्चित किए जाने, वित्तीय प्रबंधन जैसे अनेक पहलुओं की गहन जानकारी मिलती है। कहा कि जन प्रतिनिधियों के लिए प्रशिक्षण उनके कौशल एवं क्षमता विकास के लिए बहुत अहम होता है। इस मौके पर प्रशिक्षण में प्रशिक्षण कोर्स निदेशक और प्रभारी अपर मुख्य अधिकारी भावना रावत ने जिला पंचायत सदस्यों की सक्रिय भागीदारी, विकेंद्रीकरण, महिला सशक्तीकरण पर विस्तार से जानकारी प्रदान की। उन्होंने डीपीडीपी (जिला पंचायत विकास योजना), 73वें संविधान संशोधन एवं पंचायतीराज की अवधारण के विभिन्न आयामो की जानकारी दी। प्रशिक्षक किशन सिंह पंवार ने आपदा प्रबंधन और डीपीओ ग्राम्य विकास विभाग दीपक रावत ने ग्राम्य विकास की योजनाओं को लेकर विस्तार से जानकारी प्रदान की। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य कुल्हाड़ महेंद्र राणा, टीला डा. शिवचरण नौडियाल, डोभ-श्रीकोट अनुज कुमार, गडरी पूनम कैंतुरा, नीलम कुमार, सीमा चमोली आदि मौजूद रहे।

# आईएचएमएस, पीजी कॉलेज, नवयुग और डेफोडिल्स स्कूल बनें वॉलीबॉल चैंपियन

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** इंस्टीट्यूट ऑफ हॉस्पीटेलिटी, मैनेजनेंट एंड साइंसेज (आईएचएमएस) कॉलेज कोटद्वार की ओर से आयोजित लॉट सुबेदार बलभद्र सिंह नेगी स्मृति अंतर महाविद्यालयी और अंतर विद्यालयी वॉलीबॉल प्रतियोगिता आईएचएमएस, पीजी कालेज कोटद्वार, नवयुग स्कूल और डेफोडिल्स स्कूल के नाम रही। बीईएल रोड बलभद्रपुर स्थित कॉलेज के खेल मैदान में आयोजित प्रतियोगिता के अंतिम दिन फाइनल मुकाबले खेले गए। पहला मैच स्कूल स्तर की बालिका वर्ग में नवयुग स्कूल और डेफोडिल्स के बीच हुआ। जिसमें दोनों टीमों के बीच कांटे की टक्कर हुई। अंत में नवयुग की खिलाड़ियों ने बेहतर खेल का प्रदर्शन करते हुए 19-21, 21-09 और 12-21 के अंतर से प्रतियोगिता अपने नाम की। दूसरा फाइनल मैच स्कूल स्तर के बालक वर्ग में डोफोडिल्स और बलूनी स्कूल के बीच हुआ। जिसमें डोफोडिल्स स्कूल के खिलाड़ियों ने बलूनी पर दबाव बनाते हुए 21-18, 21-11 और 12-21 अंकों के अंतर से प्रतियोगिता जीती। तीसरा फाइनल महाविद्यालय स्तर के बालिका वर्ग में बीजीयू और पीजी कॉलेज कोटद्वार के बीच हुआ। जिसमें पीजी कालेज कोटद्वार ने एक तरफा मैच में बीजीयू को 15-03, 15-05 के अंतर से जीता कर मैच अपने नाम किया। चौथा और अंतिम फाइनल मैच महाविद्यालय स्तर के बालक वर्ग में आईएचएमएस कॉलेज और पीजी कालेज कोटद्वार के बीच हुआ। आईएचएमएस के खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए लगातार दो सेटों 21-16 और 21-14 से विजेता ट्रॉफी पर अपना कब्जा जमाया। प्रतियोगिता के विजेताओं को आईएचएमएस कॉलेज के प्रबंध निदेशक बीएस नेगी, कार्यकारी निदेशक अजय राज नेगी, निदेशक प्रबंधन ले. कर्नल बीएस गुसाई (रिटायर्ड) और प्राचार्य डॉ. अश्वनी शर्मा ने उप विजेता और विजेता टीम के खिलाड़ियों को प्रमाणपत्र, मैडल और ट्रॉफी प्रदान की। प्रतियोगिता संयोजक अंकित कुकरेती और गुरदीप सिंह ने प्रतियोगिता में सहयोग प्रदान करने वाले शारीरिक शिक्षकों को पुरस्कृत किया। मैच का आंखों देखा हाल, अनुराग सेमवाल, सुरेंद्र जगवान, प्रवीन त्रिपाठी, हर्षपाल सिंह रावत ने सुनाया।



### इशिका और ईना को तमिला बेस्ट स्पाइकर का खिताब

तीन दिवसीय अंतर महाविद्यालयी और अंतर विद्यालयी वॉलीबॉल प्रतियोगिता में बहतरीन प्रदर्शन के लिए बालिका वर्ग में इशिका और ईना को बेस्ट स्पाइकर, अनामिका और ईशा को बेस्ट शेटर, सुहानी और शिवानी को बेस्ट डिफेंडर, नवनी और इशिता नेगी को बेस्ट सर्वर का खिताब दिया गया। बालक वर्ग में शिव प्रजापति और राहुल को बेस्ट स्पाइकर, देवांश और मयंक को बेस्ट शेटर, जॉन और दिव्यांशु को बेस्ट डिफेंडर, अक्षित भट्ट और अंकित को बेस्ट सर्वर, जबकि शिव प्रजापति और प्रियांशु को मोस्ट वैलुएवल प्लेयर का खिताब देकर सम्मानित किया गया।

# शंतरज में गुलाब, संजना, पंजा में दीपक व सुनैना विजेता

**जयन्त प्रतिनिधि। थलीसैंण :** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय थलीसैंण में इन्डोर गेम प्रतियोगिता के अंतर्गत शतरंज एवं पंजा लड़ाई प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शंतरज प्रतियोगिता में गुलाब सिंह, संजना, पंजा प्रतियोगिता में दीपक सिंह और सुनैना विजेता रहे। प्रतियोगिता का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. योगेन्द्र चन्द्र सिंह ने किया। शतरंज प्रतियोगिता पुरुष वर्ग में गुलाब सिंह एमए तृतीय सेमेस्टर विजेता, दिव्यांशु सिंह नेगी बीएससी तृतीय सेमेस्टर उपविजेता, महिला वर्ग में संजना बीए तृतीय सेमेस्टर विजेता, स्नेहा बीए प्रथम सेमेस्टर उपविजेता, पंजा प्रतियोगिता पुरुष वर्ग में दीपक सिंह एमए प्रथम सेमेस्टर विजेता, संदीप सिंह बीए प्रथम सेमेस्टर उपविजेता रहा। महिला वर्ग में सुनैना बीए तृतीय सेमेस्टर विजेता, आयशा बीए प्रथम सेमेस्टर उपविजेता रही। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में क्रीड़ा प्रभारी डॉ. विकास प्रताप सिंह, डॉ. बचन सिंह, डॉ. विक्रम रौतेला आदि शामिल थे। इस मौके पर डॉ. विवेक रावत, डॉ. अतुल सिंह, डॉ. गिरीश चन्द्र आर्य, बलबीर सिंह, धर्म सिंह, अनिल कुमार, अनिल पोखरियाल

## संक्षिप्त समाचार

### दुकान संचालिका ने मारपीट के आरोप में केस दर्ज कराया

देहरादून। पटेलनगर क्षेत्र में एक दुकान संचालक महिला ने मारपीट के आरोप में मां–बेटी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। इंस्पेक्टर पटेलनगर सीबीएस अधिकारी ने बताया कि अनुराधा मौर्य निवासी बसंत विहार ने तहरीर दी। बताया कि 11 अक्टूबर की शाम को वह सेवलाकलां स्थित अपनी दुकान पर मौजूद थी। आरोप है कि तभी मोनिका अपनी बेटी के साथ अचानक दुकान पर पहुंची। आरोप है कि दुकान पर आते ही गाली गलौच और तोड़फोड़ कर दी। घटना के आरोपी मां–बेटी दुकान की चाबी भी ले गई। इंस्पेक्टर सीबीएस अधिकारी ने बताया कि मामले में शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

### देहरादून में गुरु तेग बहादुर के जीवन पर दिखाया गया स्लाइड शो

देहरादून, गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा विंग नंबर 5 प्रेमनगर में सोमवार को हुए सेमिनार में साहिब श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के 350 साल शहीदी को समर्पित एक स्लाइड शो दिखाया गया। पंथ के विद्वान सुखविंदर सिंह ने संगत को गुरु तेग बहादुर साहिब के जीवन से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार सांझा किए।

### भाजपा नेता के नाम से बैंकों को ऋण माफ करने ,कॉलेज को बंद करने की धमकी

देहरादून। बैंकों को धमकी भरे ईमेल भेजने के मामले में अभी जांच आगे नहीं बढ़ी थी कि अब इस तरह का एक और मामला सामने आया है। भाजपा मंडल अध्यक्ष रजत अग्रवाल के नाम से एसबीआई बैंक और स्कूल को धमकी भरा ईमेल भेजा गया है। उन्होंने कोतवाली मसूरी में प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। भाजपा मंडल अध्यक्ष रजत अग्रवाल ने बताया कि उनका नाम और पहचान का उपयोग कर किसी अनजान व्यक्ति द्वारा उनके नाम से बैंक की शाखाओं को फर्जी ईमेल भेजी जा रही है। बताया कि पिछले सप्ताह स्टेट बैंक ऑफ इंडिया मसूरी की लगभग पांच शाखाओं और बैंक ऑफ बड़ौदा की मसूरी शाखा सहित अन्य बैंकों को उनके नाम से फर्जी ईमेल भेजकर मसूरी के निवासियों के समस्त लोन व ऋण धारकों की बकाया राशि माफ करने की ईमेल भेजी गई थी ' 13 अक्टूबर को दोबारा स्टेट बैंक ऑफ इंडिया को उनके नाम से एक ईमेल कर धमकी भरा पत्र और 5 करोड़ रुपए की रिश्वत का पत्र भेजा गया, जो निंदनीय है। 13 अक्टूबर को ही कॉलेज को उनके नाम से ईमेल भेजी गई जिसमें स्कूल बंद करने की धमकी देने के साथ ही स्कूल पर धर्म परिवर्तन का आरोप लगाया गया है। उन्होंने बताया कि मेरी छवि को धूमिल करने वह मुझे बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। वहीं, मसूरी कोतवाल देवेंद्र सिंह चौहान का कहना है किमामले की जांच शुरू कर दी है।

### अशासकीय माध्यमिक स्कूलों के लिए 2.92 अरब रुपये जारी

देहरादून। शिक्षा निदेशालय ने अशासकीय स्कूलों के लिए दो अरब 92 करोड़ 70 लाख रुपये का बजट जारी कर दिया है। यह बजट सभी जिलों को उपलब्ध करा दिया गया है। बजट मिलने से अशासकीय स्कूलों के सामने वेतन संकट दूर हो जाएगा। हालांकि अभी अशासकीय जूनियर स्कूलों का बजट जारी नहीं हुआ है और इनके सामने अभी वेतन संकट यथावत बना हुआ है। राज्यभर के अशासकीय स्कूल पिछले लंबे समय से एकमुश्त अनुदान जारी करने की मांग करते आ रहे थे। सोमवार को निदेशालय स्तर से भी अशासकीय स्कूलों के लिए बजट जारी कर दिया गया है।

# सहकारिता ही सामाजिक एकता और आर्थिक स्वावलंबन की आधारशिला : धामी

### सहकारिता आंदोलन बनेगा ग्रामीण विकास और महिला सशक्तिकरण का प्रेरक सूत्र

जयन्त प्रतिनिधि। श्रीनगर : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को आवास विकास मैदान श्रीनगर में आयोजित नौ दिवसीय सहकारिता मेले में प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों/समूहों/संस्थाओं द्वारा लगाए गए स्थानीय उत्पादों के स्टॉलों का निरीक्षण कर स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहन देने तथा उन्हें बाजार से जोड़ने के प्रयासों के लिए काश्तकारों एवं स्वयं सहायता समूहों की सराहना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रीनगर में सीवर लाइन एवं पेयजल आपूर्ति की डीपीआर प्राप्त होते ही तत्काल स्वीकृति दी जाएगी, जिससे नगर में पंद्रह घंटे तक निर्बाध जलापूर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी।



मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य में सहकारिता आंदोलन ग्रामीण विकास एवं महिला सशक्तिकरण का प्रेरक सूत्र बनने के साथ सामाजिकता तथा आंशिक स्वावलंबन का आधार भी है। सहकारिता समाज को जोड़ने और आत्मनिर्भरता की दिशा में अग्रसर करने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि यह मेला सहकारिता की भावना को और प्रगाढ़ करेगा तथा महिलाओं और स्वयं सहायता समूहों को उनके उत्पादों को एक व्यापक मंच उपलब्ध कराएगा। कहा कि सहकारिता भारत की संस्कृति और जीवन पद्धति का प्रतीक है, जिसकी झलक वसुधैव कुटुम्बकमड की भावना में भी दिखाई देती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2025 को विश्व सहकारिता वर्ष घोषित किया गया है और सहकारी से समृद्धि के लक्ष्य को साकार करने हेतु केंद्र सरकार ने एक अलग सहकारी मंत्रालय का गठन किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में सहकारिता क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए ठोस कदम उठाने के तहत अब तक 671 सहकारी समितियों का कंप्यूटरीकरण पूरा हो चुका है। साथ ही 13 जनपदों की 5511 समितियों में से 3838 समितियों के अभिलेख राष्ट्रीय सहकारी पोर्टल पर अपलोड कर ऑनलाइन किए जा चुके हैं। कार्यक्रम में विधायक पौड़ी राजकुमार पोरी, जिला पंचायत अध्यक्षा रचना बुटोला, जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लोकेश्वर सिंह सहित सहकारिता से जुड़े लोग एवं अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी उपस्थित रहे।

**राज्य में 31 लाख लोग सहकारिता से जुड़े**

कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि राज्य में वर्तमान में 31 लाख लोग सहकारिता से जुड़े हैं, जिसे 50 लाख तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। सहकारिता द्वारा प्रदेशभर के 16 लाख किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज पर ऋण वितरित किया गया है। उन्होंने बताया कि श्रीनगर में आयोजित सहकारिता मेले में महिला स्वयं सहायता समूहों ने लगभग 35 लाख का व्यापार किया है तथा इस मेले से श्रीनगर में लगभग 1 करोड़ का व्यापार हुआ है। मंत्री ने बताया कि कॉपरेटिव इस समय 30 करोड़ रुपये के लाभ में है। लखपति दीदी योजना के तहत महिलाओं को आर्थिक स्वावलंबन से जोड़ा जा रहा है।

### डेढ़ दशक पहले मार्ग तो बन गया डामरीकरण करना भूला विभाग

नई टिहरी। डेढ़ दशक पहले बने खांन्सी बलाड़ी मोटर मार्ग का आज तक डामरीकरण नहीं हो पाया है जिससे दोनों गांव के लोग मोटर मार्ग पर जोखिम भरी आवाजाही करने को मजबूर हैं। कच्ची सड़क पर डामरीकरण के लिए खांन्सी और बलाड़ी गांव के लोगों ने आंदोलन किया। लोगों में सरकार के खिलाफ आक्रोश है।

ग्राम प्रधान सूर्यपाल रावत ने बताया कि बरसात में आवाजाही करते समय ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। सड़क पर बने गड्ढों पर वाहन फिसलने से दुर्घटना का डर बना रहता है। दोपहिया वाहनों की आवाजाही पूरी तरह से बंद हो जाती है। सड़क की खराब स्थिति के कारण ग्रामीण नकदी फसलों को मंडी पहुंचाने के लिए भी परेशान रहते हैं और फसलों का खराब होने का डर भी लगा रहता है।

खांन्सी गांव को सड़क की स्थिति बेहद खराब है। डेढ़ दशक पहले बनी सात किमी सड़क का आज तक डामरीकरण नहीं हो पाया है। हम लंबे समय से डामरीकरण की मांग कर रहे हैं। विधायक ने अपने पत्र के माध्यम से डामरीकरण के लिए अपनी संस्तुति दी है जिससे उन्हें उम्मीद जगी है कि सड़क का डामरीकरण हो जाएगा। वहीं बड़कोट के लोनिवि अधिशासी अभियंता तनुज कांबोज ने बताया कि क्षेत्रीय विधायक ने खांन्सी बलाड़ी मोटर मार्ग के डामरीकरण के लिए अपनी संस्तुति प्रदान की है।

### राज्य आंदोलनकारी के निधन से शोक

नई टिहरी। राज्य आंदोलनकारी के निधन से शोक राज्य आंदोलनकारी और प्रतापनगर क्षेत्र के पट्टी ओण के खोलगढ़ निवासी गंभीर सिंह पंवार (55 वर्ष) का हृदयगति रूकने से निधन हो गया है। जिससे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। उनके निधन से पत्नी और बच्चों का रो–रोकर बुरा हाल है। उनके आकस्मिक निधन पर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों सहित राज्य आंदोलनकारियों ने दुःख जताते हुए गहरी शोक संवेदना व्यक्त किया।

# 11 व 12 नवम्बर को होगी खण्ड स्तरीय संस्कृत प्रतियोगिता

### संस्कृत समूहगान, नृत्य, नाटक, वाद–विवाद व श्लोकोच्चारण में छात्र दिखाएंगे प्रतिभा

जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : उत्तराखण्ड संस्कृत अकादमी हरिद्वार के तत्वावधान में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष 2025 में भी उत्तराखण्ड राज्य की द्वितीय राजभाषा संस्कृत के प्रचार-प्रसार एवं व्यापक विस्तार के लिये राज्य के सभी विकासखण्डों में विकासखंड स्तरीय संस्कृत प्रतियोगितायें 11 एवं 12 नवम्बर 2025 को आयोजित की जायेगी।जनपद के अन्तर्गत विकासखण्ड अगस्त्यमुनि की प्रतियोगितायें राबाइका अगस्त्यमुनि, जखोली विकास खण्ड की प्रतियोगितायें राउका रामाश्रम तथा ऊखीमठ विकास खण्ड की प्रतियोगितायें राइका गुप्तकाशी में सम्पन्न की जायेंगी। मुख्य शिक्षा अधिकारी पी के बिष्ट के द्वारा इस वर्ष प्रतियोगिता को बृहद स्वरूप देने के लिये संस्कृत भाषा के शिक्षकों को खण्डस्तर पर खण्ड संयोजक बनाकर उक्त प्रतियोगिता की जिम्मेदारी दी गयी है। नियुक्त खण्ड संयोजक प्रतियोगिता को व्यापक स्वरूप देने के लिये उत्तराखण्ड संस्कृत अकादमी हरिद्वार से प्रशिक्षण लेने के उपरान्त अपने-अपने विकासखण्डों में प्रतियोगिता हेतु आवश्यक तैयारियों करा रहे हैं। सहायक निदेशक, संस्कृत शिक्षा एमआर मैंदुली ने बताया कि इस वर्ष प्रतियोगिता में संस्कृत समूहगान, नृत्य, नाटक, वाद-विवाद, आशुभाषण तथा श्लोकोच्चारण की कनिष्ठ एवं वरिष्ठ वर्ग की सम्पूर्ण प्रतियोगिता से सम्बन्धित गतिविधियां संस्कृत भाषा में ही सम्पादित की जायेंगी। खण्ड स्तर पर निर्णायक मण्डल के द्वारा चयनित प्रथम तथा द्वितीय स्थान प्राप्त छात्र-छात्राएं ही जनपद स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर सकते हैं।

सफल छात्रों को अकादमी की ओर से नगद पुरस्कार तथा प्रमाण पत्र दिये जायेंगे। इस प्रतियोगिता में कक्षा-6 से स्नात्तकोत्तर तक के शासकीय एवं अशासकीय सभी विद्यालयों/महाविद्यालयों के संस्थागत अध्ययनरत छात्र प्रतिभाग कर सकते हैं।

### चोरों ने कपड़े के शोरूम में महंगे कपड़ों पर किया हाथ साफ

देहरादून। चोरों ने कपड़े के शोरूम में महंगे कपड़ों पर हाथ साफ कर दिया। चोरों ने चश्मे की दुकान का ताला तोड़ने का प्रयास किया। इस संबंध में पुलिस को तहरीर दी है। माल रोड स्थित नेक्स्ट शोरूम के संचालक समर्शन सिंह ने कोतवाली में प्रार्थना पत्र दिया है। बताया कि पांच व्यक्तियों ने उनकी दुकान पर खरीदारी करने के दौरान महंगे कपड़ों पर हाथ साफ कर दिया जिसका वीडियो उनके पास है। उन्होंने पुलिस से आरोपियों को पकड़ कर सामान वापस दिलाने व कार्रवाई करने की मांग की है। वहीं दूसरी ओर चोरों के द्वारा माल रोड पर ही एक चश्मे की दुकान का ताला तोड़ने का प्रयास किया गया, जिसका वीडियो एक रेस्टोरेंट के सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गया।इसमें कुछ व्यक्ति एक सफेद कर में आकर कुछ देर दुकान के आसपास घूमते हुए नजर आ रहे हैं।वह बाद में दुकान का ताला तोड़ने का प्रयास करते हुए देखे जा रहे हैं। दुकान संचालक आशीष कुमार ने कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों की पहचान कर उचित कार्रवाई करने की मांग की है'व्यापार संघ महामंत्री जगजीत कुकरेजा ने भी इस विषय पर गहरी चिंता व्यक्त की है।

# जर्जरहाल मैंडखाल– बंगियाल मोटर मार्ग पर सफर करने को मजबूर हैं लोग

नई टिहरी। थौलधार ब्लॉक क्षेत्र के दर्जनों गावों की लाइफ लाइन कहे जाने वाले मैंडखाल– बंगियाल मोटर मार्ग की हालत जर्जर बनी है। सड़क पर जगह–जगह बने गड्ढों के बीच लोगों को सफर करने को मजबूर होना पड़ रहा है। गड्ढे दुर्घटनाओं को न्योता दे रहे हैं। हालांकि लोनिवि चंबा ने मोटर मार्ग पर गड्ढों को भरने का कार्य कुछ दिनों पहले शुरू किया था लेकिन पिछले 15 दिनों से बांडा व गैर के बीच कार्य को रोक दिया गया। इससे लोगों ने कड़ा आक्रोश जताया है। बांडा के पूर्व प्रधान अनिल भट्ट, जिला पंचायत सदस्य सुनील जुयाल, भाग सिंह पडियार, टैक्सी यूनियन के अध्यक्ष कर्ण सिंह भंडारी ने बताया कि मैंडखाल– बंगियाल मार्ग चंबा– मसूरी मोटर मार्ग को



ऋषिकेश–गंगोत्री हाईवे को जोड़ता है। इस पर प्रतिदिन पर्यटक वाहनों के साथ–साथ चंबा, मसूरी, देहरादून आनेजाने वाले स्थानीय वाहनों का आवागमन होता है लेकिन मोटर मार्ग पर बने गड्ढों से सफर करना लोगों के लिए भारी परेशानी पैदा कर रहा है। जिला पंचायत सदस्य सुनील जुयाल का कहना है कि मैंडखाल से बांडा तक जो कार्य किया गया है वह महज खानापूर्ति के लिए किया गया है। कई स्थानों पर पैचवर्क, गड्ढा भरने का कार्य अधूरा छोड़ दिया गया है। कई जगह कुछ दिन पहले किया गया पैचवर्क उखड़ने लगा है। उन्होंने कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए गुणवत्ता के साथ कार्य करने की मांग की है। मैंडखाल–बंगियाल मार्ग पर पैचवर्क और मरम्मत कार्य रोलर खराब होने के कारण ठेकेदार ने बंद किया है जिन स्थानों पर पैचवर्क उखड़ गया है ठेकेदार को कार्य फिर से जल्दी शुरू करने व गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने को कहा गया है। –अमित रूसिया, सहायक अभियंता, लोनिवि चंबा

# त्योहारों को सुरक्षित और सकुशल संपन्न कराने में सहयोग मांगा

ऋषिकेश। दीपावली के मद्देनजर 17 अक्तूबर से ऋषिकेश बाजार में चार पहिया वाहनों की नो–एंट्री होगी। खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ जुटने की संभावना को देखते हुए पुलिस ने यह फैसला लिया है। चार पहिया वाहन सिर्फ मुख्य मार्ग पर ही चलेंगे। स्थानीय लोगों से भी पुलिस ने त्योहारी सीजन में दोपहिया वाहन का ही उपयोग करने की अपील की है। सोमवार को त्रिवेणीघाट रोड स्थित एक होटल में सीओ डॉ. पूर्णिमा गर्ग ने व्यापारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने धनतेरस और दीपावली समेत अन्य त्योहारों को सुरक्षित और सकुशल संपन्न कराने में सहयोग मांगा। उन्होंने बताया कि दीपावली में आग लगने आदि घटनाओं की रोकथाम के लिए अग्निशमन विभाग के वाहन भीड़भाड़ वाले स्थानों पर तैनात रहेंगे। बाजार में पुलिसकर्मियों की भी ड्यूटी लगाई जाएगी। आंतरिक मार्गों पर बाजार में आवागमन प्रभावित न हो, इसके लिए अस्थायी पार्किंग भी चिह्नित कर ली गई हैं।



इन पार्किंग स्थलों की जानकारी भी उन्होंने व्यापारियों को दी। संदिग्धों की धरपकड़ के लिए कोतवाल कैलास चंद्र भट्ट को बैठक में अभियान चलाने के निर्देश दिए। व्यापारियों से भी संदिग्ध व्यक्तियों और वस्तु दिखने पर तत्काल इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को देने के लिए कहा है। इस दौरान अग्निशमन अधिकारी सुनील दत्त तिवाड़ी, यातयात निरीक्षक प्रदीप कुमार, घाट चौकी प्रभारी विनेश कुमार, एसआई विनय शर्मा, निखिलेश बिष्ट, नगर उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष ललित मोहन मिश्र, महामंत्री प्रतीक कालिया,केवल कृष्ण लांबा, प्रदीप गुप्ता, श्रवण जैन, ललित सक्सेना, कपिल गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### ईएमई कोर ने धूमधाम से मनाया स्थापना दिवस

देहरादून। ईएमई कोर सेवानिवृत्त गैर राजनीतिक सैनिक संस्था ने स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया। पेपर लीक मामले में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के सीबीआई जांच की संस्तुति के निर्णय का स्वागत किया गया। ईएमई कोर का 83वां और संस्था का सातवां स्थापना दिवस बंगाली कोठी स्थित वेडिंग प्वाइंट में धूमधाम से मनाया गया। संस्था से जुड़े लोगों के 10वीं और 12वीं की बोर्ड की परीक्षा, स्नातक परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों और लोक सेवा आयोग की प्रशासनिक अधिकारी वर्ग की चयन परीक्षा पास करने वाले युवाओं को सम्मानित किया गया।

संस्था के संरक्षक आरएन असवाल ने बताया कि इस मौके राज्य के विकास से जुड़े कई मुद्दों पर चर्चा हुई। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि सोशल बलूनी ग्रुप के एमडी बिपिन बलूनी, 614 ईएमई बटालियन की कर्नल ममता गुप्ता, संस्था के अध्यक्ष पीबी थापा, दिनेश डोबरियाल, मेजर जनरल चंद्र प्रकाश, कर्नल जगदीश सिंह, कर्नल डीसी शर्मा, कर्नल एमएस चौहान, कर्नल एनसी पंत, कर्नल बीएम दारा, ले. कर्नल आनंद सिंह, यूडी सेमवाल, एससी जोशी, एसके काला, डीपी चंदोला शामिल रहे।

# डाइट प्रशिक्षुओं ने राज्य स्तरीय सांस्कृतिक समागम में दिखाई प्रतिभा

देहरादून। राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद देहरादून में दो दिवसीय राज्य स्तरीय सांस्कृतिक समागम में डायट प्रशिक्षुओं ने प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस समागम में 12 जिलों के डायट से प्रशिक्षु हिस्सा ले रहे हैं। कार्यक्रम का उद्घाटन रायपुर विधायक उमेश शर्मा काऊ ने किया। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान देहरादून में सोमवार को शुरू हुए समागम में जिलों से आए प्रतिभागियों ने सांस्कृतिक विविधता, लोक परंपरा और शिक्षा में संस्कृति के समावेश को दर्शने वाले रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मुख्य अतिथि रायपुर विधायक उमेश शर्मा काऊ ने कहा कि शिक्षा में संस्कृति के समावेश के लिए यह अभिनव पहल है। इससे नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति को जानने और उसे आत्मसात करने में मदद मिलेगी। जिस तरह से प्रतिभागी तैयारी के साथ आए हैं, उससे उनकी मेहनत और संस्कृति के प्रति लगाव को दर्शाता है। निदेशक एससीईआरटी बंदना गर्ब्याल ने कहा कि यह एक शानदार प्रतिस्पर्धा है, डायट के प्रशिक्षुओं ने इसके लिए कड़ी मेहनत की है, जो यहां प्रतियोगिता में भी नजर आ रही है। निदेशक माध्यमिक शिक्षा डॉ.मुकुल कुमार सती ने कहा कि इस आयोजन ने राज्य के प्रशिक्षुओं को अपनी प्रतिभा और सृजनात्मकता प्रदर्शित करने का उत्कृष्ट मंच प्रदान किया है। चमोली और बागेश्वर की टीमों की नृत्य नाटिका विशेष आकर्षण का केंद्र रही, जिसे दर्शकों द्वारा खूब सराहा गया। इस मौके पर पदमश्री माधुरी बर्त्वाल, रेखा धस्माना, गिरीश सुंदरियाल, अजय जोशी और संगीता ढौंडियाल बतौर निर्णायक मौजूद रहे।

# दून में वोट चोरी पर कांग्रेस ने चलाया हस्ताक्षर अभियान

देहरादून। कांग्रेस ने दून में वोट चोरी पर हस्ताक्षर अभियान चलाकर लोगों से फीडबैक लिया। इस दौरान कांग्रेसियों ने निष्पक्ष चुनाव की मांग उठाई। सोमवार को कांग्रेस प्रदेश महासचिव वीरेंद्र पोखरियाल के नेतृत्व में कैंट विधानसभा के अंतर्गत कांग्रेसियों ने जीएमएस रोड स्थित एक वेंडिंग प्वाइंट में हस्ताक्षर अभियान चलाया। इस मौके पर वोट चोरी पर सुझाव लिए और उनका फीडबैक भी लिया। वीरेंद्र पोखरियाल ने कहा कि पूरे देश में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी के साथ पार्टी वोट चोरी को लेकर अभियान चला रही है। कांग्रेस निष्पक्ष चुनाव की मांग करती रही है। वोटर लिस्ट पारदर्शी हो। वोटर को अपना मत देने के लिए पूरा अधिकार होना चाहिए। कांग्रेस का कहना है कि सिस्टम ऐसा हो कि चुनावों में सरकारी मशीनरी निष्पक्ष चुनाव को अंजाम दे सके। पूर्व कैबिनेट मंत्री शूरवीर सिंह सजवान ने वोट चोरी पर कहा कि चुनाव आयोग और केंद्र सरकार को इस मामले को देखना चाहिए। सरकार से मांग है कि जनता की वोटर लिस्ट में खामियां ना हो। पूर्व विधायक जोत सिंह गुनसोला ने वोटर लिस्ट पर सवाल उठाए और कहा कि कई बार देखा गया है कि चुनावों में तमाम लोगों के नाम वोटर लिस्ट में नहीं होते हैं। इससे मतदाता को बिना वोट दिए निराश होकर लौटना पड़ता है। पूर्व विधायक राजकुमार, कांग्रेस नेता संजय शर्मा ने भी वोट चोरी पर केंद्र सरकार को घेरा और सवाल खड़े लिए।

### त्योहारी सीजन को लेकर बैठक आयोजित

देहरादून। मसूरी कोतवाली में आयोजित बैठक में आगामी त्योहारों के दौरान नगर क्षेत्र में यातायात व्यवस्था, शांति, सुरक्षा एवं आपसी सौहार्द बनाए रखने के निर्देश दिए। सोमवार को कोतवाली में सीएलजी सदस्यों एवं क्षेत्र के सम्रांत नागरिकों के साथ बैठक आयोजित की गई। प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि आगामी त्योहारों में पुलिस प्रशासन पूर्ण सतर्कता के साथ जनता की सेवा में तत्पर रहेगा। त्योहारों में पुलिस कारोबारियों व जनता के साथ खड़ी है । उन्होंने सभी नागरिकों से अपेक्षा है कि वे सहयोग और भाईचारे की भावना के साथ त्योहार को मनाए। चौहान ने बताया कि त्योहारों के दौरान सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने, धार्मिक स्थलों, बाजारों एवं सार्वजनिक स्थानों पर पुलिस गश्त को बढ़ाने एवं साइबर अपराधों व अफवाहों से बचाव के लिए जन जागरूकता फैलाने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि या विवाद की सूचना तत्काल पुलिस को देने पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि पुलिस द्वारा त्योहारों के दौरान विशेष सतर्कता बरती जाएगी।

# मुख्यमंत्री धामी ने हल्द्वानी में की सोशल मीडिया पदाधिकारियों के साथ बैठक

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सोमवार को हल्द्वानी पहुंचे, जहां उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के सोशल मीडिया प्रभारी और संगठन पदाधिकारियों के साथ समन्वय बैठक की। बैठक में मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए ह्लस्वदेशी अपनाओ अभियानह्व को अधिक प्रभावी बनाने के लिए सोशल मीडिया टीम को सक्रिय रूप से जनता से जुड़ने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने जीएसटी दरों में कमी कर स्वदेशी उत्पादों को प्रोत्साहन देने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। उन्होंने कहा कि राज्य में भी इस अभियान को व्यापक स्तर पर फैलाने के लिए लगातार जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया टीम से



कहा कि वे डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से स्वदेशी उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभाएं, ताकि ह्लहर घर स्वदेशी, घर–घर स्वदेशीह्व का संदेश आम जनता तक पहुंच सके। मीडिया से बातचीत में मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि इस वर्ष राज्य में चारधाम यात्रा ऐतिहासिक और व्यवस्थित रही।

# डीएम बसंल के जनता दर्शन कार्यक्रम में 151 शिकायतें मिली, अधिकांश का मौके पर निस्तारण

देहरादून। जिलाधिकारी सविन बसंल ने सोमवार को ऋषिपर्णा सभागार में जनता दर्शन कार्यक्रम में जन समस्याएं सुनी। दूर दराज से पंहुचे लोगों ने भूमि विवाद, घरेलू हिंसा, निजी भूमि पर कब्जा, बाढ सुरक्षा, दैवीय आपदा में क्षतिपूर्ति, आर्थिक सहायता, मुआवजा आदि से जुड़ी 151 शिकायतें रखी। जिनमें से अधिकतर शिकायतों का जिलाधिकारी ने मौके पर ही निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि जन समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए उच्च प्राथमिकता पर उनका समाधान करना सुनिश्चित करें। जिला प्रशासन की मदद से अपनी भूमि पर कब्जा पाने तथा भूमि सीमांकन होने पर 75 वर्षीय बुजुर्ग राकेश तलवाड़ ने जनता दरबार में पहुंच कर प्रसन्न मन से डीएम को आर्शीवाद दिया। उन्होंने कहा कि उनकी एवं नगर निगम की भूमि के बीच सीमांकन को कार्यालयों के दो सालों से चक्कर काट रहे थे, जिलाधिकारी के संज्ञान में मामला आने पर निस्तारण हुआ है। वहीं एग्रीमेंट समाप्त होने और किराया डिफाल्टर होने के बाद भी कंपनी निजी भूमि से मोबाईल टावर नही हटाने पर व्यथित बुजुर्ग सुशीला देवी की गुहार पर डीएम ने मौके पर ही टावर सीज कराने के आदेश जारी किए। अपनी मां, परिजन, समस्त मोहल्ले वालों का जीना दूभर करने वाले दिव्यकांत लखेडा के विरूद्ध गुंडा एक्ट संस्थित करते हुए डीएम ने फास्ट्रेक सुनवाई में वाद दर्ज करवाया। मोहल्ले वासियों संग स्वयं पीडित मां डीएम दरबार पहुंची। गुडा एक्ट में दोषी पाए जाने पर उनका जिला बदर तय है। बुड्डी गांव निवासी बाबूलाल ने जिलाधिकारी से



गुहार लगाई उनको 2017 में वृद्धावस्था पेंशन पट्टा स्वीकृत निरंतर पेंशन मिलती थी फरवरी के बाद वृद्धावस्था पेंशन नही मिली, जिस पर जिलाधिकारी ने समाज कल्याण विभाग को एरियर सहित पेंशन का भुगतान के निर्देश दिए। बुजुर्ग बाबूलाल की पेंशन आधार सीडिंग न होने के कारण भुगतान नही हो पाई थी जिस पर समाज कल्याण विभाग द्वारा बुजुर्ग की आधार सीडिंग कराई जा रही है।अधोईवाला निवासी सुशीला देवी ने गुहार लगाई की उनके घर पर वर्ष 2007 से मोबाइल टावर लगा है जिसका अनुबंध समाप्त हो गया है तथा 2017 से किराया भी नही दिया जा रहा है उन्होंने गुहार लगाई कि उनकी संपत्ति से मोबाइल टावर को सील करते हुए अग्रिम कार्यवाही के निर्देश दिए। उद्योग से सम्बन्धी मामला आया जिलाधिकारी ने जीएमडीआईसी को बुलाया किन्तु उपस्थित नही हुए न ही कार्यालय द्वारा किया गया फोन उठाया जिस जिस पर जीएमडीआईसी का 01 दिन वेतन रोकने के निर्देश दिए।

ऋषि विहार माजरी माफी निवासियों ने डीएम से गुहार लगाई की मोहल्ले में एक व्यक्ति द्वारा उपद्रव गाली गलौज, महिलाओं पर अभद्र टिप्पणी की जाती है तथा वह व्यक्ति आदतन शातिर अपराधी है तथा जेल भी जा चुका है। आपराधिक प्रकृति का व्यक्ति है जिससे महिलाओं, बुजुर्गों, बच्चों की सुरक्षा को खतरा है जिस पर जिलाधिकारी ने गुंडा एक्ट में मामला दर्ज करते हुए फास्ट ट्रैक सुनवाई के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी कार्यालय हेल्प डेस्क में निरंतर आनलाईन एफआईआर के दर्ज करने के प्रकरण आ रहे आज भी 06 प्रकरण आए जिनमें कैनाल रोड जाखन निवासी ने गुहार लगाई की उनके परिजनों द्वारा मारपीट कर प्रताड़ित किया जाता है, राजेन्द्र सिंह निवासी बंजारावाला, बालकराम शेरपुर आदि अपनी गुहार लेकर आए कि उनके मुकदतें दर्ज नही हो रहे जिस पर जिलाधिकारी हेल्पडेस्क के माध्यम आनलाईन मुकदमा दर्ज कराने के निर्देश दिए।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com